yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

यश भारत

नये जमाने के साथ..

कटनी, शनिवार, 29 जुलाई, 2023

वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश की नई सरकार ने जिन लक्ष्यों को लेकर सत्ता हासिल की थी, आज 20 वर्ष बाद हमें अंतर साफ नजर आता है। पिछले 20 वर्षों में प्रदेश के साथ कटनी जिले को भी विकास के पंख लगे। आवश्यकतानुसार ब्रिजों और पुल-पुलियों का निर्माण, सिंचाई के साधनों की पर्याप्त उपलब्धता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन की ओर जहाँ प्रयास किए गए, वहीं दूसरी ओर कटनी जिले में गाँव-गाँव पक्की सड़कों का जाल बिछा दिया गया। शासकीय योजनाओं का लाभ भी लोगों को मिलना सुनिश्चित हुआ। शहरी क्षेत्र में जहाँ मूलभूत सुविधाओं में तेजी के साथ बढ़ोत्तरी हुई तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास के नये आयाम स्थापित हुए। 20 साल पहले का कस्बाई कटनी जिला महानगरों की दौड़ में शामिल हो चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में भी जिले में प्रगति हुई है। नए कॉलेजों की स्थापना के साथ छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं में भी बढ़ोत्तरी हुई है। सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों के समाधान के मामले में कटनी टॉप-10 में शामिल हुआ है। यहां की प्रचुर खनिज संपदा और स्टोन की कारीगरी की तारीफ देश की सीमाओं से भी बाहर हुई है। प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के मामले में कटनी जिले ने उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। जिले में गरीबों के लिए आवास योजनाओं का काम भी द्रुतगति से चला, जिसका लाभ बड़ी संख्या में कटनी जिले के लोगों को मिला है। विकास की इन योजनाओं का श्रेय निश्चित रूप से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, कटनी जिले के जन-प्रतिनिधियों और जागरूक जनता को जाता है।

अब महानगर की दौड़ में कटनी

उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हर तहसील में खुले महाविद्यालय

राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से जिले में हर तहसील में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई है। तहसीलों में महाविद्यालय खुलने से छात्रों को अपने क्षेत्र में उच्च शिक्षा की सुविधा मिली है। छात्रों की इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने हर तहसील में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना करते हुए यहां स्टाफ की पोस्टिंग करते हुए आवश्यक संकायों की व्यवस्था की है, जिससे अब गांव के बच्चे अपने क्षेत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण करने करियर संवार रहे हैं। कटनी जिले में जिन क्षेत्रों में शासकीय महाविद्यालय, की स्थापना की गई है, उसमे उमरियापान, ढीमरखेड़ा, बड़वारा, बरही, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़, सिलौड़ी, स्लीमनाबाद एवं रीठी शामिल है। व्यवसायिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए कटनी जिले में पॉलिटेक्निक कॉलेज की भी स्थापना की गई है। यह कॉलेज जिला जेल के पीछे, झिंझरी में स्थित है, जहां बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा अध्ययन करते हुए अपना भविष्य संवार रहे हैं।

90 लाख की लागत से झिंझरी में बना स्पोर्ट्स काम्पलेक्स

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान कटनी जिले को कई सौगातें दी हैं। इन्हीं में से एक जिला मुख्यालय कटनी में झिंझरी में 90 लाख की लागत से बनकर तैयार स्पोर्ट्स सेंटर कम स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स है। जहां बड़ी संख्या में युवा खेल गतिविधियों से जुड़कर खेल के क्षेत्र में कटनी की नई पहचान को गढ़ने का काम कर रहे हैं। 17 दिसम्बर 2011 को 90 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्पोर्ट्स सेंटर अथार्त स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का भूमिपूजन झिंझरी में किया गया था। कटनी जिले में खेल प्रतिस्पर्धाओ के आयोजन और अन्य खेलकूद की प्रतियोगिताओं का आयोजन हो सके और दूसरे जिलों के प्रतिभागियों के साथ ही खेलकूद में रुचि लेने वाले प्रतिभाओ को निखारा जा सके। इस उद्देश्य से स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की योजना तैयार की गई थी। स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का लोकार्पण तत्कालीन सांसद नागेंद्र सिंह और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया था।

आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में ट्रेनिंग ले रहे छात्र

उच्च शिक्षा के साथ ही औद्योगिक प्रशिक्षण के प्रति भी राज्य सरकार गंभीर है। यही कारण है कि कटनी जिला मुख्यालय में एसकेपी कॉलोनी के पीछे, रोशन नगर में शासकीय आईटीआई कॉलेज के साथ ही अन्य स्थानों में भी राज्य सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना की है। अब गांवों में रहने वाले छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए शहर की तरफ नहीं आना पड़ेगा। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बरही एवं विजयराघवगढ़ एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में शासकीय आईटीआई की स्थापना करते हुए राज्य सरकार ने युवाओं को करियर निर्माण की सहूलियत प्रदान की है।

चारों विधानसभा क्षेत्रों में करोड़ों की लागत से हो रहे काम

राज्य सरकार द्वारा कटनी जिले के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जिले में प्रवास के दौरान कई घोषणाएं की गई हैं, जो शनैः शनैः मूर्त रूप ले रही हैं। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में नदियों के ऊपर करोड़ों रूपए की लागत से पुलों का निर्माण कार्य चल रहा, जिसमें कटनी नदी के साथ ही छोटी महानदी, महानदी एवं अलोनी नदी पर हो रहे पुलों के निर्माण से आने वाले समय में शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

कटनी को मिला नया गर्ल्स कॉलेज भवन

कटनी जिला गठन के बाद से ही गर्ल्स कॉलेज के नए भवन की मांग को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 12.50 करोड़ की लागत से नए गर्ल्स कॉलेज भवन की स्वीकृति प्रदान कर पूरा किया। ग्राम गुलवारा के पास नवनिर्मित भवन बनकर तैयार हो चुका है और जल्द ही इस नए भवन में गर्ल्स कॉलेज को शिफ्ट कर दिया जाएगा। भवन बन जाने के बाद केवल कटनी ही नहीं वरन गुलवारा, गनियारी, बिलहरी, बड़खेरा, लखापतेरी, पिपरौंध, निवार, पहाड़ी, तिलगवां, बांधा, इमलाज, घुघरा सहित आसपास सुदूर अंचलों से कॉलेज अध्ययन के लिए आने वाली छात्राओं को सुविधा मिलेगी। कटनी में शासकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना 1967 में की गई थी। करीब पांच दशकों से गर्ल्स कॉलेज पुराने भवन में ही संचालित हो रहा था, जबकि इस दौरान यहां छात्राओं की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ।

अन्य विकास कार्य

1. नवीन जिला न्यायालय भवन।
2. बस स्टैंड ऑडिटोरियम।
3. लोक सेवा गारंटी केन्द्र भवन
4. कस्तूरबा गांधी विद्यालय भवन
5. शासकीय मॉडल स्कूल भवन।
6. सीएम राइज विद्यालय की सौगात।
7. गाँव-गाँव आँगनवाड़ी भवन।
8. नवीन पुलिस थाना भवन।
9. स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण।
10. जिला चिकित्सालय में ट्रामा यूनिट का निर्माण।

पिछले 20 वर्षों में कटनी जिले की प्रगति

निर्माण कार्य	2003	2023
1. स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण	184	228
2. एसी, एसटी, ओबीसी छात्रावास निर्माण	31	58
3. कृषि विकास दर	2.6	20 प्रतिशत
4. मातृ मृत्यु संख्या	379	173
5. शिशु मृत्यु संख्या	82	41
6. साक्षरता दर	63.56	71.98
7. कुपोषण की स्थिति	13662	1561
8. आईटीआई	03	06
9. पुल/आरओबी निर्माण	0.60 करोड़ 173	376.17 करोड़
10. सड़कों का निर्माण	--------	1450 किलोमीटर
11. ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों का निर्माण	--------	827 किलोमीटर
12. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना	--------	972 किलोमीटर
13. लघु सिंचाई परियोजना	--------	29-55.46 करोड़
14. विद्युत अधोसंरचना निर्माण	--------	2113 करोड़
15. फीडर सेपरेशन	--------	231 करोड़
16. लघु सिंचाई परियोजना-4	--------	24.70 करोड़
17. अमृत सरोवर	--------	110
18. सीएम राइज विद्यालय	--------	6
19. अजा छात्रावास निर्माण	--------	4 करोड़ 60 लाख
20. कन्या शिक्षा परिसर	--------	27 करोड़
21. हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर	--------	188
22. स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण	184	228
23. प्रधानमंत्री आवास निर्माण	--------	103610
24. प्रधानमंत्री उज्जवला योजना	--------	1,84,884 कनेक्शन
25. लैपटॉप वितरण	--------	4336 छात्र
26. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि	--------	161473
27. लाड़ली लक्ष्मी योजना	--------	81204
28. लाड़ली बहना योजना	--------	240354
29. साइकिल वितरण	--------	12796
30. संबल योजना	--------	9608
31. अमृत योजना	--------	117 किलोमीटर पाइप लाइन

कटनी के तीनों स्टेशनों को जोड़ने 91 लाख से हो रहा सर्वे

शहर में तीन अलग-अलग स्टेशन (कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा एवं कटनी साऊथ) होने के कारण भले ही रेलवे स्टेशनों में यात्री दबाव में कमी आने के बाद भी यात्रियों को एक स्टेशन पर उतरने के बाद दूसरे स्टेशन पहुंचकर दूसरी ट्रेन पकड़ने में कई तरह की असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तीनों स्टेशनों को जोड़ने हेतु आरओबी निर्माण की आवश्यकता का सर्वे कराए जाने की मांग प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से की गई थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। जानकारी के मुताबिक तीनों स्टेशनों (कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा एवं कटनी साऊथ) को जोड़ने हेतु कटनी साऊथ स्टेशन के पास मंगलनगर, झर्रा-टिकरिया एवं गायत्रीनगर से सिविल लाईन को जोड़ने वाले आर.ओ.बी. के निर्माण हेतु 91.09 लाख रूपए की लागत से सर्वेक्षण कार्य कराया जाएगा। जिसके लिए निविदा की कार्यवाही चल रही है। तीनों स्टेशनों को जोड़कर आरओबी का निर्माण हो जाता है तो यात्रियों को एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पहुंचने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

निवार और कटनी नदी पर बने पुल से आवागमन सुविधाजनक

मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत झिंझरी-बिलहरी-देवगांव मार्ग के किलोमीटर नंबर 10/8 में ग्राम गुलवारा एवं गनियारी के मध्य निवार नदी बाक्स टाप जलमग्नीय पुल का निर्माण 2 करोड़ 57 लाख रूपए की लागत से कराया गया है। गनियारी घिनौची मार्ग के किलोमीटर नंबर 1/8 में कटनी नदी पर 6 करोड़ 66 लाख रूपए की लागत से पुल का निर्माण कराया गया है। कटनी मैहर मार्ग के किलोमीटर नंबर 368/2 कटनी नदी पर उच्च-स्तरीय पुल का निर्माण होने से चांडक चौक से नदीपार मार्ग पर हर रोज लगने वाले जाम की समस्या से शहरवासियों को राहत मिली है।



20 करोड़ की लागत से बनेगा इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स

शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 20 करोड़ रूपए की लागत से इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की सौगात कटनी जिले को दी गई है। कॉम्पलेक्स का निर्माण मध्यप्रदेश पुलिस हॉऊसिंग बोर्ड कार्पोरेशन द्वारा कराया जा रहा है। कॉम्प्लेक्स में दर्शकों व खिलाड़ियों की सुविधा के लिए चौपाटी में 8 करोड़ 88 लाख रूपए से मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण भी कराया जाएगा। कॉम्प्लेक्स में ऐसी सुविधाएं भी होंगी, जिससे आने वाले समय में यहां अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन कराया सके। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पैवेलियन, चेंजिंग रूम सहित मल्टीलेवल पार्किंग की समुचित और अत्याधुनिक व्यवस्था होगी। यहां क्रिकेट, हॉकी, बैडमिंटन जैसे खेलों के लिए उच्च स्तरीय सुविधा मौजूद रहेगी। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के स्टेडियम की डिजाइन को इस प्रकार तैयार किया गया है, जिससे भविष्य में यहां पर अंतर्राष्ट्रीय टी 20 क्रिकेट मैचों का भी आयोजन कराया जा सके।

D-19263

आम सूचना

मधुर महादेव वेयरहाउस का बीमा क्लेम मिलेगा

सभी किसान एवं व्यापारी बंधुओं को सूचित किया जाता है कि 3 अगस्त 2023 दिन गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे इफको टोकियो बीमा कंपनी के अधिकारी इंदौर से कटनी आ रहे हैं। इसलिए मधुर महादेव वेयर हाऊस में अनाज रखने वाले सभी किसान व व्यापारी बंधु से अपील की जाती है कि जिन किसान व व्यापारी बंधुओं के पास वेयर हाऊस में अनाज से संबंधित पर्ची है, उसे कुठला थाना कटनी मध्य प्रदेश में जमा करने की दया करें। माल कम है या नहीं है, सभी प्रकार के किसान व्यापारी बंधु अपनी पर्ची जमा करें। जिनके माल में कोई शिकायत है वो सभी किसान व व्यापारी बंधुओं को यह सूचित किया जाता है कि 3 अगस्त 2013 के बाद मधुर महादेव वेयरहाउस की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं रहेगी। सभी से अपील व प्रार्थना है अपनी पर्ची अतिशीघ्र कुठला थाना में जमा करें एवं पर्ची की फोटोकॉपी मधुर महादेव वेयरहाउस में जमा करें। जिसमें बीमा कंपनी को क्लेम किया जा सके। जिनका मेरे पास मोबाइल नंबर है उन्हें मैं व्हाट्सएप भी कर दूंगा जो व्यापारी किसान 3 अगस्त को नहीं आएंगे, उनको अपना क्लेम इंदौर में करना पड़ेगा।

पार्टनर
प्रेम शंकर राय
मधुर महादेव महादेव वेयर हाउस
रीठी रोड, कटनी (मध्य प्रदेश)

साढ़े 7 लाख का खाघान्न खुर्दबुर्द करने वाले सेल्समैन पर दर्ज हुआ मामला

जांच के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

कटनी, यशभारत। हितग्राहियों को वितरण के लिए शासन से मिलने वाला राशन खुदबुर्द करने वाले शासकीय उचित मूल्य दुकान सिहुड़ी के विक्रेता के खिलाफबाकल पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। शुक्रवार को कलेक्टर के आदेश पर बहोरीबंद कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला ने बाकल थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने सिहुड़ी विक्रेता रामनाथ पटेल के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। आरोपी विक्रेता के द्वारा 7 लाख 51 हजार रुपए का 261 क्विंटल सरकारी खाद्यान्न हितग्राहियों को वितरण न कर खुर्दबुर्द कर दिया गया था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान सिहुड़ी के हितग्राही सुरेंद्र पटेल, पर्वत, सुदेश कोल, शिवकुमार, श्याम बाई ने मई व जून 2023 की खाद्यान्न पर्ची पीओएस मशीन से निकाल तो ली लेकिन राशन न मिलने की शिकायत कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से की थी। जिसके बाद कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने मामले की जांच की, जिसमें बड़ा खुलासा सामने आया था। मई व जून माह में विक्रेता रामनाथ पटेल के द्वारा पीओएस मशीन से 115.77 क्विंटल गेंहू, 146 क्विंटल चावल व 11 क्विंटल नमक का आहरण तो पीओएस मशीन से किया गया लेकिन उसे भौतिक रूप से हितग्राहियों को प्रदान नही किया गया और खुर्दबुर्द कर दिया गया। बाजार भाव कीमत 115 क्विंटल गेंहू की 2 लाख 89 हजार 425 रुपये, 146 क्विंटल चावल की 4 लाख 38 हजार रुपए व नमक की 23 हजार 660 रुपये है जो विक्रेता के द्वारा खुर्दबुर्द किया गया है। जांच उपरांत जांच प्रतिवेदन बहोरीबंद एसडीएम को भेजा गया। एसडीएम ने विक्रेता की गड़बड़ी सामने आने पर जांच प्रतिदिन कलेक्टर को भेजा था। कलेक्टर ने गुरुवार को संबंधित विक्रेता पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे।

देर रात कर्बला में ठंडे होंगे ताजिये

मोहर्रम की नवीं तारीख की रात ताजियादारों ने की फातिया

कटनी, यशभारत। शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में मोहर्रम का पर्व पूरी अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। ताजियों और सवारियों का मुख्य जुलूस आज शाम दिलावर चौक से शुरू होगा जो प्रमुख मार्गों से गुजरेगा। ताजिये रखने का सिलसिला सातवीं तारीख की रात से शुरू हो गया था। शहर में इमाम बरगाहों ताजियों पर लोग दुआ करते है। मोहर्रम की सात, आठ और नौ तारीख को ताजिया रखी जाती हैं। शहर में मोहर्रम की 9 तारीख की पूरी रात शहर में ताजिया के पास लोग फातिया और कुरान ख्वानी की गई। लोगों ने ताजिया के पास दुआ की और मन्नतें मांगी। शुक्रवार की पूरी रात यह सिलसिला चलता रहा। शनिवार सुबह 10 बजे से ताजिया रखने वाले लोग शहर की छोटी और बड़ी कर्बला पहुंचकर इसे ताजिया करने गए। शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में अनुमान के मुताबिक अलग-अलग जगह पर 50 से ज्यादा ताजिया रखी जाती हैं। इमाम बरगाहों में ताजिया रखने वाली जगह पर मोहर्रम की 9 तारीख को पूरी रात लोग फातिया पढ़ते हैं। मोहर्रम की 9 तारीख को रात भर इबादत का सिलसिला और दुआओं का सिलसिला चलता रहता है। शहर के मिशन चौक, झर्रा टिकुरिया, रोशन नगर शहर व उपनगरी क्षेत्रों के मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में रखी जाने वाली ताजियों पर दुआ करने के लिए और दुआ मांगने के लिए हजारों लोग पहुंचते हैं। मोहर्रम की नवीं रात को लोग ताजिया के पास दुआ करते हैं। फातिया पढ़ते हैं, कुरान ख्वानी करते हैं। शहर में जगह-जगह बच्चे और बड़े लोग कुरान ख्वानी और फतिया पढ़ते हुए दिखाई दिए। लोग ताजिया में मेवे की माला चढ़ाते हैं, अगरबत्ती भी चढ़ाते हैं और दुआ करते हैं। शहर में 50 से अधिक जगहों पर ताजिया रखी जाती हैं। मोहर्रम की दसवीं तारीख यानी शनिवार को ताजिया दफन करने के लिए शहर के अलग-अलग स्थान से लोग कर्बला के लिए निकलते हैं।

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में

ऑल इंडिया रिलीज

28 जुलाई से रोजाना 2 शो

03.30 PM (AUDI-2)
07.30 PM (AUDI-2)

OPPENHEIMER-2D
(IN HINDI)

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
mgm NURSING
एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

विशेषतायें : डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक B.Sc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	अर्हता
1.	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12वीं (बायो)
2.	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12वीं (किसी भी विषय)
3.	पोस्ट बॉसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

सर्वसुविधा युक्त लायब्रेरी, स्योकन इंग्लिश एवं कम्प्यूटर कोर्स की निःशुल्क सुविधा, एयरकूल्ड छात्रावास सुविधा एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध
जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांऊसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांऊसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी
फोन. 07622&405074 मो. 7771001902
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी (म.प्र.)

कटनी में फेल हुआ गौंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का इंजन

कटनी, यशभारत। गोंदिया से बरौनी के बीच कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 15232 गौंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का इंजन शुक्रवार की शाम कटनी स्टेशन में फेल हो गया। यह ट्रेन पहले से ही लगभग 7 घंटे विलंब से चल रही थी और इंजन फेल होने की वजह से ट्रेन करीब एक घंटे से भी ज्यादा समय तक प्लेटफार्म पर ही खड़ी रही। सूचना पाकर रेलवे अधिकारी हरकत में आए और स्पेयर इंजन का इंतजाम करने में जुट गए। एनकेजे से स्पेयर इंजन जल्द न मिल पाने की वजह से स्टेशन में खड़ी मालगाड़ी का इंजन काटकर गौंदिया एक्सप्रेस में लगाया गया और ट्रेन को रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार कटनी स्टेशन प्रमुख स्टेशन होने के बावजूद स्पेयर इंजन न होने की स्थिति में यात्री ट्रेनों के इंजन में खराबी आने के कारण लेटलतीफी होती है। पूर्व में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी है, जब स्टेशन पर स्पेयर इंजन की अनुपलब्धता की वजह से मालगाड़ियों का इंजन लगाया गया है।

स्पेयर इंजन न होने से मालगाड़ी का इंजन लगाकर रवाना की गई ट्रेन

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में

ऑल इंडिया रिलीज



28 जुलाई से रोजाना 11 शो

10.15 AM (AUDI-1)
01.15 PM (AUDI-1)
04.15 PM (AUDI-1)
07.15 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-1)
10.30 PM (AUDI-2)
12.30 PM (AUDI-2)
11.30 AM (AUDI-3)
03.00 AM (AUDI-3)
06.00 PM (AUDI-3)
09.00 PM (AUDI-3)

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी, जया बच्चन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

सिटी मॉल बरही रोड में

शानदार दूसरा सप्ताह

28 जुलाई से रोजाना 2 शो

06.00 PM (AUDI-1)
09.30 PM (AUDI-1

नोट- रविवार एवं बुधवार को केवल 1 शो चलेगा रात 9.30 बजे से

OPPENHEIMER-2D
(IN HINDI)
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज



28 जुलाई से रोजाना 4 शो

12.30 PM (AUDI-2)
03.45 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.15 PM (AUDI-2)

नोट- रविवार एवं बुधवार को 6 शो चलेंगे 12.30, 3.45, 7 एवं 10.15 (ऑडी-2), 2.45 एवं 6 (ऑडी-1)

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में



शानदार तीसरा सप्ताह

28 जुलाई से रोजाना 2 शो

12.00 PM (AUDI-1)
03.00 PM (AUDI-1

नोट- रविवार एवं बुधवार को केवल 1 शो चलेगा दोपहर 12 बजे से

MISSION IMPOSSIBLE DEAD RECKONING PART ONE
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

मकान किराए पर देना है
पुरानी बस्ती में डॉ एसके शर्मा के सामने सम्राट गली, कटनी में स्थित मकान किराए पर देना है। चार कमरे, किचन, लैट बाथ सहित सर्व सुविधायुक्त। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। मो. 9425362893

आवश्यकता है
अग्रणी एवं प्रतिष्ठित FMCG कंपनी को कटनी में (नमकीन एवं बेवरेज) डिवीजन हेतु **सुपर स्टॉकिस्ट** की आवश्यकता है। इन्वेस्टमेंट के साथ ही गोदाम में स्टॉक करने की एवं वितरण हेतु ट्रांसपोर्ट सुविधा होना आवश्यक। कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें
मो. 9752018021

NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN

10TH CLASS TOPPER 96%
कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान
VASHISHSHTH GURU

12TH CLASS TOPPER 92%
ANUSHKA DWIVEDI

NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ

देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

आवश्यकता है
ग्रेनाइट टाइल्स की दुकान में सेल्स कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जावेगी, वेतन 7000 प्लस इंसेंटिव।
संपर्क करें- शकुंतला ग्रेनाइट एंड टाइल्स जबलपुर रोड, कटनी मो. 9009767272

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

शिकागो पब्लिक स्कूल
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस
आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला
शाला के सफलतम 25 वर्ष
भूलना भूल जाओगे
मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को निःशुल्क
प्रवेश प्रारंभ
स्कूल की पढ़ाई कैसी हो, एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता
पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40%
ICMT COMPUTER INSTITUTE
DCA | PGDCA | TALLY | CPCT | COMPUTER HARDWARE COURSE | SPOKEN ENGLISH Competition Coaching
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS)
नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com

डॉ.दीपक सक्सेना

डॉ.शोभना सक्सेना

SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 177 ● कटनी ● शनिवार, 29 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

"असफलताएं आपको नहीं रोकती, मुश्किलें भी आपको नहीं रोकती, आप खुद अपने आप को रोकते हो ? लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर सकारात्मक प्रयास करते रहिए...!"

कोई पता तो करो आज... पेज 7

आज का मौसम

आज सुबह का तापमान 30.2 डिसे

दोपहर 12 बजे तक 33. डिसे

मौसम शुष्क रहेगा

» न्यूज गैलरी

ऑस्ट्रेलियाई हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद 4 सैन्यकर्मी लापता

सिडनी ● ईएमएस
yashbharat.co.in

ऑस्ट्रेलियाई सैन्य हेलीकॉप्टर के क्वींसलैंड के तट पर लिंडमैन द्वीप के पास रात में पानी में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चार सैन्यकर्मी लापता हैं। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग ने शनिवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सेना एमआरएच- 90 ताइपन हेलीकॉप्टर ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास, एक्सरसाइज टैलिसमैन सेबर 2023 के हिस्से के रूप में एक रात्रि प्रशिक्षण गतिविधि में भाग ले रहा था। इसी दौरान शुक्रवार देर रात इसके लापता होने की सूचना मिली। दुर्घटना के समय विमान में चालक दल के चार सदस्य सवार थे और फिलहाल लापता हैं। विभाग ने कहा कि सैन्य और नागरिक खोज और बचाव विमान और जलयान वर्तमान में घटना स्थल पर खोज और बचाव अभियान चला रहे हैं। प्रभावित कर्मियों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है।

भूकंप के जोरदार झटको से थर्राया अंडमान-निकोबार, 5.8 रही तीव्रता

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारत के अंडमान निकोबार द्वीप समूह में देर रात 12. 53 मिनट पर जोरदार भूकंप आया. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 नापी गई है. हालांकि अब तक कि जो खबर है उसके अनुसार किसी के हताहत की खबर नहीं है. लेकिन देर रात अचानक से भूकंप आने सेस अभी बुजुर्ग, नौजवान और बच्चे डरे हुए हैं. लोगों के चेहरे पर भूकंप का डर साफ़ दिख रहा है।

बोकारो: हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ताजिया में ब्लास्ट, 4 लोगों की मौत

बोकारो ● ईएमएस
yashbharat.co.in

झारखंड के बोकारो जिले में मुहर्रम के जुलूस की तैयारी करते समय शनिवार सुबह हाई टेंशन तार की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल दहला देने वाली इस वारदात में 10 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। बोकारो के पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि राज्य की राजधानी रांची से लगभग 80 किलोमीटर दूर पेटरवार पुलिस थाना क्षेत्र के खेतको गांव में एक धार्मिक झंडे के बिजली की तार के संपर्क में आने से यह हादसा हुआ। आलोक ने कहा, 'यह हादसा शनिवार को सुबह करीब छह बजे उस समय हुआ, जब लोग मुहर्रम के जुलूस की तैयारी कर रहे थे।' पुलिस

अधीक्षक ने बताया कि लोगों के हाथ में एक धार्मिक झंडा था, जिसका डंडा लोहे का था। उन्होंने कहा कि यह झंडा 11 हजार वोल्ट के हाई-टेंशन बिजली के तार के संपर्क में आ गया। आलोक ने कहा कि सभी घायलों को एक निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि इनमें से 8 को बोकारो जनरल अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां 4 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। बता दें कि बिहार के गोपालगंज में भी एक ऐसा ही हादसा हुआ था जिसमें कुल 11 लोग झुलस गए थे।

गोपालगंज में 4 लोग गंभीर रूप से झुलसे

बिहार के गोपालगंज जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के हरपुर धर्म चक गांव में मुस्लिम समुदाय ताजिया लेकर निकला ही थे कि अचानक हाईटेंशन तार के छू जाने से करंट फैल गया। इस हादसें में भीड़ में शामिल 4 लोग बिजली के करंट से गंभीर रूप से झुलस गए जबकि 7 लोगों को बिजली का झटका लगा था। हादसे में घायल हुए सभी लोगों को गोपालगंज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर गोपालगंज सदर अस्पताल में घायलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े।

महाराष्ट्र के बुलढाणा में दो बसों की टक्कर में 6 लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल

मुंबई ● ईएमएस
yashbharat.co.in

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में शुक्रवार देर रात दो निजी बस की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे मल्कापुर कस्बे के एक फ्लाईओवर पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि एक बस अमरनाथ से हिंगोली लौट रही थी जबकि दूसरी बस नासिक की तरफ जा रही थी. उन्होंने बताया कि नासिक जा रही बस ने एक ट्रक से आगे निकलने की कोशिश की और इसी क्रम में वह सामने से आ रही दूसरी बस से टकरा गई. इस टक्कर में दो महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए।

I.N.D.I.A के 20 सांसद मणिपुर रवाना कहा- जमीनी हालात का जायजा लेंगे

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवपलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस (I.N.D.I.A) के 20 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल 29 जुलाई, यानी शनिवार सुबह मणिपुर के इंफाल रवाना हो गया। वहां 30 जुलाई तक रहेगा। ये सांसद पहले जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे। राज्य में तीन महीनों से जारी हिंसा और यहां के लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार और संसद को अपनी राय भी देंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्य सरकार ने इन 20 सांसदों को इस दौरे की परमिशन नहीं दी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इन नेताओं को एयरपोर्ट पर ही रोका जा सकता है। उधर, मैतेई समुदाय से जुड़ा एक ग्रुप को आर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटिग्रेटी (कोकोमी) आज इंफाल में एक रैली निकालेगा।

विपक्षी नेताओं के बयान... हम वहां के लोगों का दर्द समझने जा रहे हैं

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, हम वहां राजनीतिक मुद्दे उठाने के लिए नहीं बल्कि मणिपुर के लोगों के दर्द और जमीनी स्थिति को समझने के लिए जा रहे हैं। सरकार ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई है। आप सांसद सुशील गुप्ता ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए राजी नहीं है। PM संसद में नहीं आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में हम वहां की स्थिति जानने के लिए ग्राउंड पर जा रहे हैं। कोलकाता में शनिवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, गठबंधन के सांसदों को बंगाल और राजस्थान भी जाना चाहिए। अधीर रंजन को सांसदों के साथ बंगाल की स्थिति भी देखनी चाहिए।

भारतीय नौसेना के जहाज खंजर ने बंगाल की खाड़ी में फंसे तीन जहाजों को बचाया, 36 मछुआरों का किया रेस्क्यू

चेन्नई ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारतीय नौसेना जहाज खंजर ने बंगाल की खाड़ी से 36 मछुआरों का रेस्क्यू किया। ये सभी मछुआरे तमिलनाडु तट से 130 मील दूर समुद्र में फंस गए थे। मछुआरे तीन मछली पकड़ने वाली नौकाओं पर सवार थे। आईएनएस खंजर की 30 घंटे चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों में इन मछुआरों को सुरक्षित बचाया।

जहाज पर सवार थे 36 मछुआरे

बता दें, आईएनएस खंजर बंगाल की खाड़ी में परिचालन तैनाती पर है और इसी दौरान तमिलनाडु तट से लगभग 130 मिमी दूर तीन मछली पकड़ने वाले जहाजों सबरैनाथन, कलैवानी और वी सामी का पता लगाया। जहाज पर 36 मछुआरे सवार थे और सभी तमिलनाडु के नागापट्टिनम से है।

दो दिनों तक समुद्र में रहे फंसे

खराब मौसम की वजह से, बिना ईंधन, सामान और इंजन खराब होने के कारण वे दो दिनों से अधिक समय से समुद्र में फंसे हुए थे। जहाज ने मछली पकड़ने वाले जहाजों को आवश्यक प्रावधानों की आपूर्ति की। तीनों जहाजों को 28 जुलाई 2023 को चेन्नई बंदरगाह पर उनकी सुरक्षित वापसी हुई।

नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपितों के घर तोड़े गए

सतना ● यशभारत
yashbharat.co.in

मध्य प्रदेश के सतना जिले के मैहर में 11 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया था। इसी मामले में शनिवार की सुबह प्रशासन जेसीबी लेकर उदयपुर स्थित रविंद्र चौधरी के घर पहुंच चुका है और मकान को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बच्ची को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इलाज में जुटे डॉक्टरों की मानें तो अभी पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान रवीन्द्र कुमार रवि और अतुल बढौलिया के रूप में की गई है। दोनों आरोपी मैहर मंदिर प्रबंध समिति की गौशाला के कर्मचारी हैं।

क्या थी घटना

बच्ची गत गुरुवार दोपहर करीब एक बजे घर के बाहर से लापता हो गई थी। शुक्रवार सुबह वह लौटी। उसकी हालत बेहद खराब थी। वजह पूछने पर उसने परिजन को वारदात की जानकारी दी।इसके बाद

परिजन स्थानीय लोगों के साथ थाने पहुंचे और मामला दर्ज कराया है।

सीएम के निर्देश-कोई अपराधी बचना नहीं चाहिये

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा इंटरनेट मीडिया ट्वीट कर कहा कि मैहर की बेटी के साथ दुष्कर्म की जानकारी मिली है मन पीड़ा से भरा हुआ है व्यथित हू मैंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि कोई अपराधी बचना नहीं चाहिए पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि बेटी के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए कोई भी अपराधी बचेगा नहीं कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

शाह ने रामेश्वरम के रामनाथस्वामी मंदिर में की पूजा अर्चना

रामेश्वरम ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार सुबह इस द्वीप शहर में श्री रामनाथस्वामी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। श्री शाह के साथ केंद्रीय मंत्री एल.मुरुगन और वरिष्ठ भाजपा नेता भी थे। श्री शाह ने विशेष प्रार्थनाओं के तहत मंदिर में स्पतिका लिंग की विशेष पूजा भी की। सुरक्षा कारणों से श्री शाह के दौरे के मद्देनजर मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार आम भक्तों के लिए बंद कर दिया गया था और उन्हें अन्य द्वारों से प्रवेश की अनुमति दी गई थी। श्री शाह तमिलनाडु की दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार शाम यहां पहुंचे। उनके दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

चुनाव के पहले बीजेपी में बड़े बदलाव

नड्डा की टीम में कैलाश, रमन और वसुंधरा, कुल 38 केंद्रीय पदाधिकारियों की सूची जारी

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय पदाधिकारियों के नाम का ऐलान कर दिया है। शनिवार सुबह जारी इस सूची में कुल 38 नेताओं को जगह मिली है। जिसमें मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के 3-3 नेता शामिल हैं। इनमें मध्यप्रदेश से कैलाश विजयवर्गीय को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। वहीं राजस्थान से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, छत्तीसगढ़ से डॉ रमन सिंह, लता उसेंडी और सांसद सरोज पांडेय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। BJP के राष्ट्रीय महासचिव और कार्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने TWEET कर यह जानकारी साझा की। जेपी नड्डा ने इस नई टीम में 13 राष्ट्रीय सचिव बनाए गए हैं। 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और 8 राष्ट्रीय महामंत्री भी बनाए गए हैं। सबसे ज्यादा 6 नाम UP से हैं। विधानसभा और लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पूरी तरह से चुनावी मोड में आ

चुकी भारतीय जनता पार्टी ने आज अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। माना जा रहा है कि इससे नियुक्त पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। मध्यप्रदेश से वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय इससे पहले महासचिव की जिम्मेदारी निभा रहे थे, अब उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा मध्यप्रदेश से सौदान सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ओम प्रकाश धुर्वे को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार राजस्थान से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वसुंधरा राजे इससे पहले भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थीं। राजस्थान के सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री और डॉ अलका गुर्जर को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। छत्तीसगढ़ से डॉ रमन सिंह, लता उसेंडी और सांसद सरोज पांडेय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। यानी कि छत्तीसगढ़ से तीनों नेताओं को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है नए- पुराने चेहरों में समन्वय जेपी नड्डा ने इस सूची में नए- पुराने चेहरों के बीच समन्वय बिठाने की पूरी कोशिश की है। जैसे बीएल संतोष राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बने रहेंगे। इसके अलावा शिवप्रकाश को राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों डॉ. रमन सिंह, वसुंधरा राजे, रघुबर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। राजेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष और नरेश बंसल को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस से आए अनिल एंटनी को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। बता दें कि अनिल कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे हैं। मप्र में नाम वही और काम भी वहीज्मध्यप्रदेश से तीन नेताओं को उनके पद पर बरकरार रखा गया है। कैलाश विजयवर्गीय राष्ट्रीय महामंत्री बने रहेंगे। इसी तरह सौदान सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ओमप्रकाश धुर्वे भी राष्ट्रीय सचिव के पद पर बरकरार रहेंगे।

इंडिया शब्द को लेकर आपत्ति उठाना उचित नहीं: विवेक तन्खा

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

इंडियन नेशनल डेवपलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) शब्द को लेकर भाजपा द्वारा उठाई आपत्ति पर राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा का बयान सामने आया है। राज्यसभा सांसद श्री तन्खा ने कहा कि भाजपा के कुछ नेता और अधिवक्ता चुनाव आयोग पहुंचे है जहां पर उन्होंने इंडिया शब्द को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है परंतु मुझे नहीं लगता कि इस शब्द में ऐसा कुछ है जिस पर आपत्ति उठाई जाए। श्री तन्खा ने कहा कि कई कमर्शियल और संस्थाओं के आगे इंडिया लगा रहता है जिसे प्रतिबंध नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इंडिया

शब्द जेनेरिक शब्द है, सालों से इस शब्द का इस्तेमाल हो रहा है। श्री तन्खा ने कानून पहलु को समझाते हुए कहा कि केरल हाईकोर्ट के जजमेंट हो चुकें है फिर भी चुनाव आयोग के समक्ष आपत्ति दर्ज कराना सही नहीं है।

सौगात | **पेट्रोल, पोषण, वर्दी और हेल्थ चेकअप के लिए भत्ता बढ़ाया**

एमपी में पुलिसकर्मियों को मिलेगा वीकली ऑफ : सीएम शिवराज

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुलिसकर्मियों को वीकली ऑफ देने का ऐलान किया है। इसके लिए डीजीपी को आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने सीएम हाउस में आयोजित पुलिस परिवार समागम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। कार्यक्रम में गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, डीजीपी सुधीर सक्सेना, एसीएस होम डॉ. राजेश राजौरा और सीएम शिवराज सिंह की पत्नी साधना सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी और उनके परिवार के लोग मौजूद रहे। इस दौरान सीएम ने पुलिस परिवारों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

ये बड़ी घोषणाएं कीं

थानों में पदस्थ आरक्षक से उप निरीक्षक स्तर तक के ऐसे अधिकारी-कर्मचारी, जिनके पास शासकीय वाहन नहीं है, उन्हें 15 लीटर पेट्रोल भत्ता हर महीने दिया जाएगा। पौष्टिक आहार भत्ता के रूप में एक हजार रुपए हर महीने दिया जाएगा। आरक्षक से लेकर प्रधान आरक्षक तक वर्दी के लिए मिलने वाला भत्ता 5000 किया जाएगा। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को पांचवां वेतनमान दिया जाएगा। भोजन भत्ता 100 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से दिया जाएगा। 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुलिसकर्मियों का निःशुल्क मेडिकल चेकअप किया जाएगा। सभी पुलिसकर्मियों के लिए रोटेशन से साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिसकर्मियों के लिए 25 हजार नए आवास बनाए जाएंगे। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में पुलिसकर्मियों के कार्यों, उनके बलिदान का उल्लेख भी किया। साथ ही महिला पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना की। पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के लिए किए गए कार्यों और योजनाओं जैसे आवास, स्वास्थ्य सुविधाओं आदि के लिए सीएम शिवराज सिंह का आभार जताया।

पीएसएलवी-सी56/डीएस-एसएआर मिशन के लिए उल्टी गिनती शुरू

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष स्टेशन से रविवार को पीएसएलवी-सी56 से छह सह-यात्रियों के साथ सिंगापुर के डीएस-एसएआर विशेष वाणिज्यिक उपग्रह को प्रक्षेपित किये जाने की शनिवार से उल्टी गिनती शुरु हुयी। 44.4 मीटर लंबा चार चरण वाला वाहन पीएसएलवी-सी56, 228 टन भार के साथ रविवार सुबह 06.30 बजे शार रेंज से प्रथम लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा। इसरो ने कहा कि उल्टी गिनती शनिवार सुबह पांच बजे शुरू हो गई। इसरो ने ट्वीट किया, 30

जुलाई, 2023 को भारतीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे लॉन्च की उलटी गिनती शुरू हो गई है। उलटी गिनती के दौरान, चार चरणों वाले वाहन में प्रणोदक भरने का कार्य किया जाएगा।

संपादकीय

तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इंटरनेशनल एग्जिबिशन कम कन्वेंशन सेंटर परिसर के उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा रुकने वाली नहीं है। पीएम ने कहा, ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ये मोदी की गारंटी है। विरोधियों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ लोगों की प्रवृत्ति आलोचना करने और अच्छी परियोजनाओं में बाधाएं पैदा करने की होती है। उन्होंने दो खास गारंटियां दी हैं। पहली गारंटी भाजपा और एनडीए के नेताओं-सांसदों को दी है कि 2024 में भी उनकी जीत तय है और 50 फीसदी से अधिक जनमत मिलने का विश्वास है। ऐसे दावे तो विपक्ष भी कर रहा है कि मोदी सरकार का सफाया तय है। कमोबेश चुनावों तक ऐसे दावे और गारंटियां जारी रहेंगी। जनादेश ही सच को सत्यापित करेगा। बहरहाल प्रधानमंत्री की दूसरी गारंटी यह है कि उनकी सत्ता के तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। फिलहाल भारत 5वीं अर्थव्यवस्था है। जापान और जर्मनी क्रमशः तीसरे-चौथे स्थान पर हैं। देश की अर्थव्यवस्था का कुल श्रेय प्रधानमंत्री या सत्ताधीशों को नहीं दिया जा सकता। सीधा गणित है कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और आर्थिक विकास दर कितनी हैं। देश की वस्तुओं और सेवाओं का सकल मूल्य कितना है। जब 2014 में नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री चुने गए थे, तब भारत की जीडीपी 2039 अरब अमरीकी डॉलर की थी और हम 10वें स्थान की अर्थव्यवस्था थे। चूंकि उसके बाद आर्थिक विकास दर 5-6 फीसदी से भी अधिक रही, कभी 8 फीसदी को भी छुआ और अन्य कथित बड़े देशों की औसत आर्थिक बढ़ोतरी कम रही, नतीजतन भारत 2023 में 3737 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ 5वें स्थान पर है। यानी भारत आज भी कुल 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश नहीं है।

जापान और जर्मनी 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्थाएं हैं। दरअसल जीडीपी में देश के आकार, आबादी, बाजार, खरीद-क्षमता, उत्पादन आदि की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत, जापान और जर्मनी की तुलना में, कई गुना विशाल और व्यापक देश है। अमेरिका की आबादी करीब 33 करोड़ है, लेकिन वह 26 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था है। चीन विश्व का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है, जिसकी अर्थव्यवस्था 19 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की है। जब भारत 2027 में 5153 अरब डॉलर, अर्थात् 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा, के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा, तब अमरीका 31 ट्रिलियन डॉलर से अधिक और चीन 25 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा अर्थव्यवस्था वाले देश होंगे। पहले और दूसरे स्थान पर उन्हीं का कब्जा और वर्चस्व रहेगा। चीन की अर्थव्यवस्था हमसे पांच गुना ज्यादा है। फिलहाल कोई मुकाबला नहीं किया जा सकता। यह सुखद और गौरवपूर्ण एहसास हो सकता है कि 2027 में, प्रधानमंत्री मोदी के संभावित तीसरे कार्यकाल में, भारत की अर्थव्यवस्था जापान, जर्मनी समेत ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, कनाडा, इटली और रूस सरीखे देशों की अर्थव्यवस्था से आगे और बेहतर होगी।

अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय

विपक्ष के नए–नए गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) द्वारा लोकसभा में एक ऐसा अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है, जिसका गिरना तय है। मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी दोनों सदनों में गतिरोध के बीच कांग्रेस और इंडिया की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर के मुद्दे पर सदन में बोलने के लिए बाध्य करने की रणनीति के तहत यह प्रस्ताव पेष किया गया, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया। अब बिरला सभी दलों के नेताओं से चर्चा के बाद प्रस्ताव पर परिचर्चा की तिथि तय करेंगे। अविश्वास पर बहस के बाद मतदान भी संभव है। नियमों के अंतर्गत पूर्वोत्तर के ही राज्य असम से कांग्रेस सांसद गौरव गोगाई ने अध्यक्ष के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था।

संसद में गतिरोध या विपक्षी दलों की हठधर्मिता कोई नई बात नहीं है, संसद के नियमों में इस बात की पर्याप्त गुंजाइश है कि सरकार को किसी विषय पर उत्तर देने के लिए विवश कर दिया जाए। ऐसा पहले भी होता रहा है। कोई भी लोकसभा सदस्य नियम 184 के तहत लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है। सदन की मंजूरी के बाद इस पर चर्चा और फिर निर्णायक स्थिति अंजाम तक पहुंचाने के नजरिए से मतदान होता है। लेकिन प्रस्ताव पर बहस की मंजूरी के लिए कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन जरूरी है। 50 से ज्यादा सदस्यों का समर्थन मिलना निश्चित है। बावजूद भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार के लिए दूर-दूर तक कोई खतरा नहीं है। वर्तमान लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं। फिलहाल पांच खाली हैं। इनमें करीब 333 से अधिक सांसद भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन व अन्य सहयोगी घटक दलों के हैं। 301 सांसद अकेली भारतीय जनता पार्टी के हैं। कांग्रेस समेत इंडिया के कुल 142 सांसद हैं। यदि इंडिया को 'तेलंगाना राष्ट्र समिति' (बीआरएस) का समर्थ मिल जाता है तो यह संख्या बढ़कर 151 हो सकती है? इस दल के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव हैं, जो तेलंगाना राज्य के पहले मुख्यमंत्री भी हैं। करीब 60 सांसद ऐसे हैं, जिनका दोनों प्रमुख गठबंधन के दलों से कोई नाता नहीं है। अर्थात ये मतदान के समय अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। ऐसे में इनका समर्थन सत्तारुढ़ राजग को मिलने की संभावना जताई जा रही है। नौ वर्षों में यह दूसरा अवसर है, जब नरेंद्र मोदी सरकार अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेगी। इससे पहले जुलाई 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था, लेकिन उसे जबरदस्त मतों के अंतर से मुंह की खानी पड़ी थी। इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में महज 126 मत गिरे थे, जबकि इसके विरुद्ध 325 सांसदों ने अपने मत का उपयोग किया था। इस बार भी इस हठधार्मिता का भविष्य लगभग तय है, क्योंकि संख्याबल स्पश्ट रूप से भाजपा के पक्ष मे है। मतदान की स्थिति में सरकार और मजबूती से उभर कर अपनी ताकत जता सकती है। ज्यादातर अविश्वास प्रस्ताव उस समय पेश किए जाते हैं, जब सरकार सदन में अल्पमत की स्थिति में हो और बहुमत पश करने में असमंजस के दौर से गुजरना पड़ रहा हो लेकिन हम भली भांति जानते हैं कि वर्तमान में विपक्ष का मुख्य उद्देश्य मणिपुर हिंसा के परिप्रेक्ष्य में सरकार को घेरकर प्रश्नों के उत्तर मांगना है। हालांकि इस सिलसिले में सरकार संसद के बाहर चाहे गए प्रश्नों के उत्तर दे रही है, लेकिन संसदीय कार्यप्रणाली के मापदंडों में ये उत्तर आधिकारिक नहीं हैं। दूसरे, विपक्ष का यह त्रियाहठ ही है कि वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री का ही जवाब चाहता है। यह कोई संविधान-सम्मत बाध्यकारी तथ्य नहीं है कि प्रधानमंत्री ही जवाब दें। विशय से संबंधित विभाग का मंत्री भी जवाब दे सकते हैं। प्रधानमंत्री तो सदन के बाहर कुछ न कुछ प्रतिक्रिया दे ही रहे हैं, वरना पीवी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह ऐसे प्रधानमंत्री रहे हैं, जो बड़े से बड़े मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही अपने दल और देष का हित मानते रहे हैं। बावजूद सदन के प्रत्येक सदस्य को यह अधिकार संसद देती है कि वह मंत्री समेत प्रधानमंत्री से भी सीधा जवाब तलब कर सकते हैं।

देश यह भी भली भांति जानता है कि नरेंद्र मोदी ऐसे समर्थ वाक्पटु प्रधानमंत्री हैं, जो जटिल से जटिल प्रश्न का उत्तर अपने गठबंधन और देश के हित को ध्यान में रखते हुए बेबाकी से दे सकते हैं। लेकिन हर मुद्दे को वे इस हद तक ले जाते हैं कि एक तो उसमें प्रति-प्रश्न करने की कोई गुंजाइश न रह जाए, दूसरे विपक्ष थक-हार कर खुद ही मौन होने की मनस्थिति में आ जाए। फिर भी प्रधानमंत्री जानते हैं कि लोकतंत्र में संसद में जवाब मांगने के अधिकार की रक्षा संवैधानिक दायित्व भी इसलिए वे जवाब तो देंगे ही, परंतु मणिपुर की तात्कालिक हिंसा और उसके अतीत की पृश्ठाूमि से ऐसे सवाल उठाएंगे कि विपक्ष बगलें झांकने लग जाए? क्योंकि मणिपुर आजादी के समय से ही एक ऐसा सुलगता सवाल रहा है, जिसमें बढ़ते ईसाईकरण और बांग्लादेश व म्यांमार के घुसपैठिए जातीय हिंसा को चिंगारी दिखाने का काम करते रहे हैं।

मणिपुर में कुछ दिनों की फौरी शांति के बाद जो हिंसा भड़की हैं, उसमें शक की सुई उन 718 लोगों पर जा टिकी है, जो हिंसा के दो दिन पहले ही म्यांमार से मणिपुर में अवैध तरीके से घुसे हैं। इस घुसपैठ के बाद से ही सेना और सैन्य बलों पर सीधे हमले षुरू हो गए हैं। ताजा हमला टेंग्नोउपाल जिले के मोरेह कस्बे में हुआ है। यह इलाका भारत का आखिरी शहर है और म्यांमार की सीमा से सटा है। कुकी महिला यूनियन और ह्यूमन राइट्स ऑफ मोरेह के सशस्त्र हमलावरों ने वन विभाग के दफ्तर समेत तीस से ज्यादा घरों को आग के हवाले कर दिया। संपत्ति और धन की लूटपाट की। कस्टम प्रिवेंटिव फोर्स के दफ्तर में भी आग लगा दी। हिंसक घटनाओं से रू-ब-रू होते रहने के बावजूद मौके पर मौजूद मणिपुर पुलिस कमांडो, असम रायफल्स और सेना के जवान षांत रहे।

-प्रमोद भार्गव

जी-20 सम्मेलन- भारत की प्रतिष्ठा में लगेंगे चार चांद

अब जी-20 शिखर सम्मेलन के मुख्य आयोजन में दो महीने से भी कम वक्त बचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रगति मैदान में पुनर्विकसित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) के उदघाटन करने के साथ ही अब साफ हो गया है कि शिखर सम्मेलन के लिए भारत तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत जी- 20 देशों के बीस राष्ट्राध्यक्ष एक साथ राजधानी नई दिल्ली में आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी-20 के प्रमुख की हैसियत से बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और यूएई आदि मित्र देशों को अतिथि देशों के रूप में आमंत्रित कर सकते हैं। तो अब यह बहुत साफ हो गया है कि नई दिल्ली में होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन अब तक का सबसे विशाल सम्मेलन होगा।

इसके साथ ही कहा जा सकता है कि 1956 से तमाम शिखर सम्मेलनों और अहम कार्यक्रमों की मेजबानी करने वाले विज्ञान भवन को अब कुछ 'आराम' मिलेगा। इसी में 1983 में गुट निरपेक्ष सम्मेलन हुआ था। उस शिखर सम्मेलन को आयोजित हुए अब चार दशक पूरे हो रहे हैं। इस दौरान भारत पूरी तरह बदल चुका है। अब भारत विश्व की एक बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है। कुछ समय पहले भारत ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की ही अर्थव्यवस्था आज के दिन भारत से बड़ी है। हमारी प्रगति की रफ्तार को देखकर यह कहा जा सकता है कि हम जल्दी ही जापान और जर्मनी को भी मात दे देंगे। यानी 1983 और 2023 वाला भारत बहुत ही अलग है। भारत की दुनिया में इस वक्त जो साख है, उसे देखकर यह कह सकते हैं, कि उसी के अनुरूप का सम्मलेन का मेन कॉम्पलेक्स जी-20 के लिए तैयार किया गया है। महत्वपूर्ण है कि लगभग 123 एकड़ क्षेत्र में फैले आईईसीसी कॉम्प्लेक्स को भारत के सबसे बड़े एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां) गंतव्य के रूप में विकसित किया गया है। ये दुनिया के शीर्ष प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसरों में जल्द ही अपनी जगह बना लेगा। भारत को पिछले साल 1 दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता मिली थी। भारत आगामी 30 नवंबर, 2023 तक इस मंच की अध्यक्षता करेगा। भारत को जैसे ही जी-20 की अध्यक्षता मिली, तब ही से देशभर में बैठकों और छोटे सम्मेलनों के दौर शुरू गए। ये बैठकें राजधानी दिल्ली के अलावा देश के अन्य प्रमुख शहरों और पर्यटन स्थलों पर हुई। इनमें करीब 200 बैठकें हुई जिनमें जी-20 देशों के नुमाइंदों ने भाग लिया। भारत की जी-20 की अध्यक्षता कई मायनों में ऐतिहासिक होने जा रही है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि भारत ने महज बैठकों का संचालन कर इतिश्री नहीं की है, बल्कि उसने बैठकों से इतर अन्य कई गतिविधियों पर भी जोर दिया है। हम जानते हैं कि विविधताओं से भरे हमारे देश के हर राज्य की अपनी एक आभा है, अपना एक सौंदर्य है, अपनी एक संस्कृति हैऔर अपना खास खानपान है। भारत ने इसी विविधता को बड़ी खूबसूरती से विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया है। अभी तक जिस भी राज्य या शहर में जी20 से जुड़ी बैठकें आयोजित हुई है, वहां जरूरी विषयों पर विचार-विमर्श से इतरविदेशी मेहमानों को स्थानीय भ्रमण कराते हुए हमारी प्राचीन वास्तुकला का अनुभव भी कराया गया है। इसके अलावा बैठक स्थलों पर नुमाइंदों को स्थानीय सभ्यता एवं संस्कृति की झलक दिखाने के लिए स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ है।

भारत ने विश्व स्तर पर अपनी प्राचीन और समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए जी-20 की मेजबानी को बेहतरीन तरीके से भुनाया है। जी-20 देशों के प्रतिनिधि बैठकों के लिए देश के जिस भी हिस्से का दौरा करते हैं, उन्हें स्थानीय व्यंजन परोसे जाते हैं। अतिथि देवो भवः की भावना से ओत-प्रोत भारत की मेहमान नवाजी हमेशा के लिए विदेशी मेहमानों के दिल में बस गई है। ऐसे कई मौके आए हैं, जब भारतीय और विदेशी मीडिया ने जी20 प्रतिनिधियों से उनका अनुभव जानने का प्रयास किया है तो उनका स्पष्ट शब्दों में यही जवाब रहा है कि उन्होंने भारत जैसी मेहमाननवाजी कहीं नहीं देखी। कुल मिलाकर भारत ने अपनी मेजबानी को ऐतिहासिक बनाने का कोई भी मौका नहीं गंवाया है।

यह याद रखा जाए कि भारत के लिए इस बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच की अध्यक्षता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा है कि हमारे देश में हुई सभी महत्वपूर्ण जी-20 बैठकों के ठोस नतीजे निकले हैं, जिनसे जी20 की साझा प्राथमिकताओं पर आम सहमति को बढ़ावा मिला है। आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य और वैश्विक समावेशी विकास की दिशा में भारत के प्रयास रंग लाए हैं और उसकी कई सिफारिशों पर सदस्यों देशों के बीच आम सहमति बनी है। इसे कई उदाहरणों से समझा जा सकता है, जैसे जी-20 सदस्यों ने जीवाश्म ईंधन की खपत में कटौती करके अगले 10 वर्षों में होने वाले तकनीकी नवाचारों को साझा करने पर सहमति व्यक्त की है।

आर.के. सिन्हा

आपका राशिफल 29 जुलाई

शुभांक - 9,1,2

पं.लोकेश व्यास

- **मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — जल्दबाजी न करें धन लाभ आराम की आवश्यकता रहेगी
- **वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — कार्य की बाधा दूर होगी अप्रत्याशित लाभ के योग हैं
- **मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — सट्टे लाटरी से दूर रहें शरीर साथ नहीं देगा
- **कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — प्रेम प्रसंग में जोखिम न लें पुराना रोग उभर सकता है
- **सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — लाभ के अवसर हाथ आएंगे व्यवसाय की यात्रा सफल होगी
- **कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आशंका के चलते निर्णय प्रभावित योजना में परिवर्तन होगा
- **तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — रोमांच के मामले में खुशनुमा माहौल पूजा पाठ में मन लगेगा
- **वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — पिता से नाराजगी रहेगी उपहार मित्रों से मिलेगा
- **धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — कार्यक्षेत्र में उन्माद संभल कर काम करें सेहत का ध्यान रखें
- **मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — झुंझलाहट रहेगी शाम को मनोरंजन के साधन बढ़ेंगे
- **कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — उपेक्षित महसूस होगा रात का समय मौज मस्ती में बीतेगा
- **मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — सहयोग की कमी रहेगी कलह बढ़ेगी

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिया गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें
ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास
संपर्क - 9009074786

कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी चाय पर चर्चा के दौरान

जबलपुर, यश भारत। भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए कस्तूरबा गांधी वार्ड उजार पूर्वा क्षेत्र के गली नंबर 2 में चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य गौरतलब है कि भाजपा के द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में लोगों को अवगत कराने एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए चर्चा का आयोजन किया गया द्य साथ ही मौसम को देखते हुए गरीब परिवारों को तिरपाल का भी वितरण किया गया सभी ने जहां चाय का आनंद उठाया तो वही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जाना और आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी प्राप्त की इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन विशाल दत्त प्रदेश सहसंयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा ,नंदकुमार यादव, सत्येंद्र शर्मा ,अमित जैन ,नवीन रिछारिया ,अजय तिवारी , जयकुमार जैन , दीप मदेले के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे द्य सभी ने विशाल दत्त और उत्तर मध्य विधानसभा परिवार का धन्यवाद कियाद्य चाय पर चर्चा का यह प्रथम कार्यक्रम था आज यह कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा और अगला कार्यक्रम शहीद स्मारक गोल बाजार में आयोजित किया जाएगा।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू प्रोटेक्ट एन

जबलपुर, यश भारत। परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करते हुए, वार्षिक प्रीमियम का 100 गुना तक जीवन सुरक्षा प्रदान करता है दीर्घकालिक संपत्ति सृजन और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक है दुर्घटना के कारण आकस्मिक मृत्यु और स्थायी विकलांगता से सुरक्षा प्रदान करता है शून्य लागत पर अधिकतम रिटर्न प्रदान करने के लिए इक्विटी और ऋण के बीच प्रीमियम आवंटन में असीमित परिवर्तन करने की लचीलापन ग्राहकों के लिए खरीदारी की प्रक्रिया सरल है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू प्रोटेक्ट एन गेन लॉन्च किया है। यह एक ऐसा अनूठा उत्पाद है जो व्यापक जीवन बीमा कवर, दुर्घटना के कारण आकस्मिक मृत्यु और स्थायी विकलांगता से सुरक्षा और दीर्घकालिक धन सृजन और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बाजार से जुड़े रिटर्न प्रदान करता है।

दिनभर लाइन में खड़े रहने के बाद नहीं मिला राशन

आक्रोशित महिलाओं ने सड़क पर उतरकर किया प्रदर्शन

जबलपुर,यशभारत। मध्यप्रदेश में भाजपा के राज में अब गरीब महिलाओं को राशन नसीब नहीं हो रहा है। दुकान संचालक पूरा अनाज हड़प रहे हैं, नजीता है कि गरीब जनता पिस रही है। बजरंग नगर रांझी के वार्ड नंबर 76 की महिलाओं का बीती रात उस वक्त आक्रोश भड़क उठा जब दिन भर लाइन में लगने के बाद भी उन्हें राशन नहीं मिला। आक्रोशित महिलाएं बीती रात सड़क पर उतर आईं और राशन दुकान संचालक सहित जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगीं। सड़क पर बैठीं महिलाओं का कहना था कि राशन दुकानों से उन्हें अनाज नसीब नहीं हो रहा है। ये समस्या पिछले 1 माह से बनी हुई है। जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बजरंग नगर वार्ड नंबर 76 की महिलाओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उन्हें समय पर राशन दिलाया जाए।

झुकना सीखिए, जो झुकता है, वही झुा सकता है। अगर आपमें झुकने का सलीका नहीं तो किसी को झुकाने की उम्मीद भी मत करिए। जो अकड़ता है वह जल्दी झड़ता है। दांत जल्दी झड़ते हैं। नम्र बनिए, जिह्वा की तरह लम्बी उम्र पाइए। हाथ जोड़कर जीना सीखिए। जो हाथ जोड़कर जीता है उसके सामने हाथ मोड़कर आने वाले भी हाथ जोड़कर जाते हैं।

- मुनिश्री तरुण सागर

दूधिया रोशनी से जगमगा उठे विवेकानंद वार्ड के इलाके

पार्षद ने क्षेत्रीय लोगों को दी सौगात

जबलपुर,यशभारत। विवेकानंद वार्ड का हर क्षेत्र इन दिनों रात के वक्त दूधिया लाइट से जगमगा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद सोनिया रंजीत सिंह ठाकुर के प्रयासों से यह सौगात क्षेत्रीय लोगों को दी गई है। विदित हो कि पिछले कुछ समय से विवेकानंद वार्ड के रहवासियों द्वारा पार्षद से मांग की जा रही थी कि उनके क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट में पर्याप्त रोशनी नहीं है जिसके बाद पार्षद सोनिया रंजीत सिंह ठाकुर ने वार्ड के कई क्षेत्रों में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगवाई जिसके बाद अब रात के वक्त विवेकानंद वार्ड का क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है। स्थानीय रहवासियों ने पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया है। विवेकानंद वार्ड के अंतर्गत उखरी, एकता चौक सहित आसपास के अन्य क्षेत्र शामिल हैं

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
यश भारत — नये जमाने के साथ..
Classified
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 , 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

फिल्म वर्ग पहेली- 6238

बायें से दायें:-

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक ?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक ?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 6237

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6751

★★★✯☆ मध्यम

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6750 का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

शब्द पहेली - 7751



बाएँ से दाएँ

1.सिंह,शेर-3
6.कृषि पैदावार-3
7.कमल सरोवर-5
8.बारीक-3
10.जरा,थोड़ा-2
12.वाराणसी-4
15.टूटना,तड़कना-4
17.शराब,मदिरा-2
19.बुद्धि,मति-3
21.सेवा,,चाकरी,देखभाल-5
23.कर्म,भाग्य-3
24.यज्ञ,होम-3

ऊपर से नीचे

2.आक्रमणकारी-5
3.समा,माहौल-3
4.आर्द्रता,नमी-3
5.चट्टान (अंग्रेजी-2)
6.अंतर,फर्क-3
9.षष्ठीपूर्ति,60 वर्ष पूरे होना-3
11.नशा,खुमार-2
13.नरम,मुलायम-3
14.एक जैसा,समान-2
16.सार-संभाल-2,3
18.अनाथ,बेसहारा-3
19.खालिस,शुद्ध-3
20.फालिज,पक्षाघात-3
22.क्रोध,खीज,गुस्सा-2

शब्द पहेली -7750 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

» न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर दिए बयान पर आम आदमी पार्टी ने उठाए सवाल

भोपाल (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर दिए बयान पर आम आदमी पार्टी हमलावर है। आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने आप से बतौर पीएम अपने तीसरे कार्यकाल की दावेदारी ठोंक रहे हैं। क्या भाजपा में बाकी नेता अब उन्हें पीएम बनते नहीं देखना चाहते हैं जो उन्हें खुद अपनी दावेदारी का ऐलान करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का खुद की दावेदारी करना बताता है कि भाजपा में भी सब ठीक नहीं चल रहा है।आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष और सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल ने कहा कि क्या भाजपा में सबकुछ सही नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के ही कुछ महत्वाकांक्षी नेता नहीं चाहते हैं कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम फेस रहें और इसलिए अब खुद प्रधानमंत्री को ये बोलना पड़ा कि मेरे तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी इकॉनोमी हम होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 में 73 साल के हो जाएंगे। क्या भाजपा में चुनाव लड़ने के लिए क्राइटेरिया उनके लिए नहीं होगा।

एम.पी.हाऊसिंग बोर्ड 477 करोड़ से करेगा निर्माण कार्य

भोपाल(ईएमएस)। मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास पर 477 करोड़ 48 लाख रूपये मे प्रदेश में नव-निर्माण कार्य प्रारंभ करेगा। पर्यावास भवन स्थित मुख्यालय में गुरूवार को संपन्न बैठक में मंडल आयुक्त चंद्रमौलिक शुक्ल ने बताया कि इनमें से भोपाल में 215 करो? 40 लाख की लागत से डुप्लेक्स, ट्रिप्लेक्स, भवनों और फ्लेटस के निर्माण की श्रंखला प्रारंभ की जा रही है। खजूरीकलां में 82 करो? की लागत से 146 डुप्लेक्स एवं ट्रिप्लेक्स भवनों का निर्माण, सुरम्य परिसर में 240 प्रकोष्ठ भवनों का निर्माण कार्य पर 117 करोड 40 लाख एवं सनखे?ी में 16 करोड़ की लागत 86 डुप्लेक्स, ट्रिप्लेक्स, आवासीय भवनों का निर्माण किये जायेंगे। इसके अलावा अयोध्या नगर, अटल आश्रय योजना एवं सफायर पार्क सिटी के कई प्रोजेक्टस पर सहमति प्रदान की गई।अपर आयुक्त एस.के.मेहर ने मंडल के विभिन्न प्राजेक्टस की बिन्दुवार प्रस्तुति की। बैठक में अपर आयुक्त एस.के.वर्मा.बी.सोलंकी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एडीबी प्रतिनिधि मंडल ने किया कुरावर जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण

भोपाल(ईएमएस)। एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने कुरावर जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। एडीबी प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी निदेशक समीर खरे, विशेषज्ञ विवेक विशाल, मुरूगराज और तोयचिक चांसावत शामिल रहे। एमपीयूडीसी की ओर से प्रमुख अभियंता दीपक रत्नावत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। एडीबी प्रतिनिधि मंडल ने जल शोधन संयंत्र परिसर में पौधरोपण भी किया। उल्लेखनीय है कि राजगढ जिले की कुरावर जल प्रदाय परियोजना नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के वित्तीय सहयोग से निर्मित की जा रही है।

सरकार बनी तो सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के नियमों में संशोधन करेगी कांग्रेस

भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में सरकार बनने पर कांग्रेस सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के नियमों में संशोधन करेगी। इसमें आयकर समेत अन्य तरह की अड़चनों को दूर किया जाएगा। वचन पत्र समिति ने सहमति के बाद सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़े प्रविधानों को राज्य स्तरीय वचन पत्र में शामिल किया है।इसके तहत मासिक पेंशन भी छह सौ रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये की जाएगी। इसका वचन 2018 में भी कांग्रेस ने दिया था, लेकिन तीन सौ रुपये की वृद्धि ही हुई थी। प्रदेश कांग्रेस की वचन पत्र समिति ने राज्य स्तर पर जारी होने वाले वचन पत्र का प्रारूप तैयार कर लिया है।

अपराधी मृत्युपर्यंत जेल की सलाखों के पीछे रहेगा

नौकरी का झांसा देकर ठगने वाले को 110 साल की सजा

भोपाल (ईएमएस)। प्रदेश के हाईकोर्ट ने नौकरी लगवाने के नाम लोगों को झांसा देने वाले आरोपी को सख्त सजा सुनाई है। अपराधी मृत्युपर्यंत जेल की सलाखों के पीछे रहेगा, साथ जुर्माना भी लगाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक सक्सेना की अदालत ने हाई कोर्ट के नियुक्ति पत्रों की कूटरचना करने के आरोपित बिलहरी निवासी पुरुषोत्तम पासी को 110 वर्ष के कारावास की सख्त सजा सुनाई।

अदालत ने अपने आदेश में साफ किया कि आरोपित पुरुषोत्तम ने पृथक-पृथक व्यक्तियों के साथ अपराध कारित किया है। अतः कारावास की सभी सजाएं पृथक-पृथक चलेंगी। पहली सजा पांच वर्ष की है, जो 15 गुणित होकर 75 वर्ष होगी, जबकि दो धाराओं में 15-15 वर्ष व एक अन्य धारा में पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। इस तरह 75 वर्ष की सजा में 35 वर्ष की सजा के इजाफे के साथ कुल सजा 110 वर्ष निर्धारित हो गई। इस तरह आदेश के अनुसार अपराधी मृत्युपर्यंत जेल की सलाखों के पीछे रहेगा। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने हाई कोर्ट जबलपुर के नाम की फर्जी सील बनवाई। इसके बाद सील लगाकर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार किए। ये नियुक्ति पत्र छले गए व्यक्तियों या उनके रिश्तेदारों को प्रदान किए।जब ये नियुक्ति पत्र लेकर संबंधित व्यक्ति हाई कोर्ट पहुंचे तो उन्हें उनके फर्जी होने की जानकारी मिली। हाई कोर्ट प्रशासन ने साफ किया कि इस तरह की कोई नियुक्ति किए जाने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इस तरह एक-एक कर 15 छले गए व्यक्ति सामने आए।इन सभी को आरोपित ने फर्जी नियुक्ति पत्र सौंपकर चूना लगाया था। इस संबंध में पुलिस में शिकायत की गई। लिहाजा, धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया था। इसके बाद अदालत में आरोप पत्र पेश किया गया। अदालत ने सभी बिंदुओं पर गौर करने के बाद दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुना दी।अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश तिवारी ने पक्ष रखा।

पुलिस विभाग में 30 फीसदी बेटियों की भर्ती अनिवार्य होगी : सीएम

भोपाल ,यशभारत। लाल परेड मैदान स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्यमंत्री ऊर्जा डेस्क की महिला पुलिस कर्मचारियों को स्कूटर वितरित किए। उन्होंने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग में 30 प्रतिशत बेटियों की भर्ती अनिवार्य होगी। वाहन रैली लाल परेड ग्राउडं विजय द्वार से कंट्रोल रूम चौराहा, गांधी पार्क, रोशनपुरा, टीटी क्रास, प्लेटिनम प्लाजा से दायें मुड़कर अटल पथ, जवाहर चौक से दायें मुड़कर रंगमहल चौराहा, रोशनपुरा चौराहा, गांधी पार्क, कंट्रोल रूम चौराहा, विजय द्वार से प्रवेश कर पुनः मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम पर संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को न्याय के बिना न देश आगे बढ़ सकता है, न प्रदेश आगे बढ़ सकता है। इसलिए मैंने तय किया कि पुलिस विभाग में 30प्रतिशत बेटियों की भर्ती अनिवार्य होगी।आज पुलिस विभाग में कार्य करने वालीं बेटियां पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना उत्तरदायित्व निभाकर स्वयं को सिद्ध कर रही हैं।

वन विहार में छात्र-छात्राओं की चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

भोपाल(ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की वन्य-प्राणियों पर आधारित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में 495 और भाषण प्रतियोगिता में 75 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

वन विहार में यह प्रतियोगिता वन्य-जीवन के प्रति, अपनत्व की भावना विकसित करने के साथ ही वन्य-प्राणियों के संरक्षण और संवर्धन में जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को बाघ दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में रिसोर्स पर्सन में सेवानिवृत्त ए.के. खरे, उप वन संरक्षक, डॉ. एस.आर. बाघमारे, उप वन संरक्षक पंकज सिंह, उप वन संरक्षक विजय श्रीवास्तव और चित्रकला प्रतियोगिता में नवीन कुमार चित्रकार, श्रीमती संतोष खरे, महाप्रबंधक ग्रॉफिक्स हेमंत वायंगणकर प्रतियोगिता के निर्णायक रखे गये थे। रिसोर्स पर्सन ने छात्र-छात्राओं को वन्य-जीवन के बारे में जानकारी दी एवं छात्र-छात्राओं से सवाल भी पूछे।

आशा कार्यकर्ताओं की पंचायत आज, बढ़ सकती है प्रोत्साहन राशि

लाल परेड मैदान में कार्यक्रम

भोपाल यशभारत। विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य सरकार किसी भी वर्ग की नाराजगी मोल नहीं लेना चाह रही है। इसी क्रम में नाराज चल रही आशा कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार ने साधने के प्रयास शुरु कर दिए है। प्रदेश सरकार ने शनिवार को आशा कार्यकर्ताओं की पंचायत बुलाई है। इसमें प्रदेश भर की लगभग 50 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगी। लाल परेड मैदान में दोपहर तीन बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित रहेंगे। वह आशा कार्यकर्ताओं हर माह मिलने वाली प्रोत्साहन राशि दो हजार से बढ़ाकर चार हजार करने और स्वास्थ्य बीमा की घोषणा कर सकते हैं। आशा कार्यकर्ता प्रोत्साहन राशि 10 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग कर रही हैं। आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, सिक्किम सहित कई राज्यों में प्रोत्साहन राशि के साथ ही राज्य सरकार की ओर से निश्चित मानदेय दिया जाता है, पर मध्य प्रदेश में ऐसा नहीं है। कुछ महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मद से आशा कार्यकर्ताओं को लगभग दो हजार रुपये प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि मिलती है। उधर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और आयुष विभाग की तरह पशु चिकित्सकों ने भी सेवानिवृत आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष की है। शुक्रवार को यहां समन्वय भवन में आयोजित प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ के अधिवेशन में उन्होंने सिर्फ यही मांग रखी है। अधिवेशन में दिल्ली और बेंगलुरु सहित प्रदेश के लगभग 800 पशु चिकित्सक भाग ले रहे हैं। इस दौरान विभाग की विभिन्न गतिविधियों, शासकीय योजनाओं और उनके बेहतर क्रियान्वयन आदि के संबंध में संवाद भी होगा। प्राप्त सुझावों को शासन को भेजा जायेगा। हर तीन वर्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री प्रेमसिंह पटेल, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार, विधायक अजय विश्नोई, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी गुलशन बामरा, भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डा. उमेश चन्द्र शर्मा मौजूद रहेंगे।

मप्र के 76 लाख किसानों को मिली 1680 करोड़ की सम्मान निधि

भोपाल, यशभारत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। मध्य प्रदेश के 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में एक हजार 680 करोड़ रुपये अंतरित हुए।

किसानों के दमक उठे चेहरे

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल से वर्चुअली शामिल हुए। बता दें कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से प्रतिवर्ष छह हजार रुपये देती है। इसमें प्रदेश के 76 लाख से अधिक किसान आते हैं। इन सभी को शिवराज सरकार मुख्यमंत्री किसान कल्याण निधि के माध्यम से चार हजार रुपये अपनी ओर से दे रही है। इस राशि को अब बढ़ाकर छह हजार रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री ने किसानों की समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री द्वारा योजनाबद्ध तरीके से प्रयासों पर कहा कि किसानों के सशक्तीकरण के लिए कई पहल की गई हैं। आज देशभर में एक लाख 25 हजार पीएम किसान समृद्धि केंद्रों की शुरुआत की गई है, जिससे किसान को खाद, बीज और कृषि यंत्रों के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स की सुविधा से अब देश के किसी भी कोने में बैठे किसान को अपनी उपज को बाजार तक पहुंचाना और भी आसान हो जाएगा।

आगर जिले में 63 करोड़ से होगा विद्युत संरचनाओं का सुदृढ़ीकण

भोपाल,यशभारत। रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) में आगर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में दो वर्षों में 63 करोड़ रूपए के कार्य कराए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि नए कार्यों से आगामी दस वर्षों की बिजली वितरण व्यवस्था सुदृढ़ीकृत होगी। इसमें राज्य का अंशदान भी शामिल रहेगा।मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया है कि नए ग्रिड, पुराने ग्रिडों की क्षमता वृद्धि, नए वितरण ट्रांसफार्मर, अंडर ग्राउंड केबल, केपेसिटर बैंक, मिक्स फीडर

का विभक्तिकरण, पुराने कंडक्टर (तारों) की बजाए ज्यादा क्षमता के नए तार लगाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 8.70 करोड़ से 33/11 केवी के तीन सब स्टेशन न्यू पुलिस लाइन, सालरिया, कोहडिया में बनाए जाएंगे। ग्रिडों के साथ ही 33 केवी लाइन, 11 केवी लाइन,फीडर विभक्तिकरण, इंटर कनेक्शन का कार्य भी होगा। जिले के चिपिया, गाता, देहरिया, सोयत, आमला, मैना, ताखला, धरोला पर स्थित 33/11 केवी के ग्रिडों पर नए पावर ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य करीब पौने चार करोड़ से होगा। ग्रिडों के पावर ट्रांसफार्मरों की क्षमता में विस्तार भी होगा। जिले में 33 स्थानों पर केपेसिटर बैंक लगेंगे, इस कार्य की लागत 5 करोड़ होगी। 209 किमी की बिजली लाइनों के कंडक्टर की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। जिले में कुल 63 करोड़ के कार्य आरडीएसएस योजना में कराए जाएँगे।

नेत्र संक्रमण से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

भोपाल, यशभारत। वर्तमान में आम नागरिकों में नेत्र संक्रमण तेजी से फैल रहा है। नेत्र संक्रमण की रोकथाम करना अति आवश्यक है। नेत्र संक्रमण की रोकथाम के लिए आम नागरिकों में जागरुकता बढ़ाने के लिए सुझाव दिये हैं।नेत्र संक्रमण की रोकथाम के लिए पूरी सावधानी रखना आवश्यक है। नेत्र संक्रमण से बचने के लिये अपनी आंखों को छूने से पहले हाथ आवश्यक रूप से धोये। संक्रमित व्यक्ति अपना टॉवल, तकिया, आई ड्रॉप आदि उपयोग की गई वस्तुएं घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें। स्विमिंग पूल तालाबों के प्रयोग से बचे। कांटेक्स लेंस पहना बंद करें और अपने नेत्र चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही फिर इसे शुरू करें। आँखों के सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग न करें। साफ हाथों से अपनी आंखों के आस-पास किसी भी तरह के स्त्राव को दिन में कई बार साफ गीले कपड़े से धोयें, उपयोग किये गये कपड़े को गर्म पानी से धोलें। यदि आँखों में लालिमा हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श लें। डाक्टर के सलाह के बिना कोई भी ड्रॉप का उपयोग न करें। इस तरह आम नागरिक उक्त सभी सावधानियाँ बरतने

रोकथाम करना अति आवश्यक

भारतीय डाक विभाग की दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

भोपाल, यशभारत। भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी।

अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे।बीमाधारक का परिवार अन्य शहर में रहता है तो उसके आने के लिए अधिकतम 25 हजार रुपए तक का टिकट खर्चा भी दिया जायेगा और दुर्भाग्य से बीमा धारक की मृत्यु हो जाती है तो पॉलिसी के तहत 5 हजार रुपए अंतिम क्रियाक्रम के लिए दिए जाने का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही बीमा धारक की मृत्यु होने पर बीमा राशि दस लाख रुपये के अतिरिक्त बच्चों की पढाई के लिए एक लाख रुपये अलग से देने का प्लान है।

भोपाल में मनाया गया सीआरपीएफ का 85वाँ स्थापना दिवस

भोपाल(ईएमएस)। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ)ग्रुप केन्द्र भोपाल में सीआरपीएफ का 85वाँ दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पवन कुमार शर्मा महानिरीक्षक मध्यप्रदेश सेक्टर ने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।स्थापना दिवस पर खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, ऑर्ट एवं क्रॉफ्ट काम्पटीशन का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

आयकर रिटर्न में क्रिप्टो करेंसी की दें पूरी जानकारी

भोपाल, यशभारत। करदाताओं के लिए कई नियमों में बदलाव किया गया है। कर निर्धारण वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करते समय करदाताओं को विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखना होगा कि अपने रिटर्न में क्रिप्टो करेंसी अथवा अन्य वर्चुअल डिजिट डिजिटल एसेट से आय की पूरी जानकारी अलग से वीडीए शेड्यूल के अंतर्गत दी है अथवा नहीं।

चार्टर्ड अकाउंटेंट के मुताबिक इस बार आयकर विभाग ने आयकर फार्म 2, 3, 5, 6 और 7 में परिवर्तन कर नया शेड्यूल वीडीए जोड़ा गया है, जिसमें इस प्रकार की एसेट से संबंधित पूरी जानकारी देना

अनिवार्य है। इस जानकारी के अंतर्गत वर्चुअल डिजिटल असेट्स की खरीद बिक्री की तारीख, राशि इत्यादि की जानकारी अलग करके दिखानी होगी। करदाता को इस संबंध में ए आइएस एनुअल इंफार्मेशन स्टेटमेंट एवं टीआइएस की मदद लेनी चाहिए। यह इस बात की पुष्टि करता है कि टीडीएस के अंतर्गत आने वाली वर्चुअल डिजिटल असेट्स की आय आयकर रिटर्न में उचित रूप से दिखाई गई है अथवा नहीं। करदाता ऐसी डिटेल के लिए फार्म 26 एएस की भी मदद ले सकते हैं। करदाता को यह बताना होगा के इस प्रकार की आय को वह अपनी बिजनेस की आय मानते हैं या अपनी कैपिटल गैन से आय मानते हैं। इसका वर्गीकरण किया जाना चाहिए। इस प्रकार उस आय को संबंधित आय मद की रिपोर्ट में दर्शाना अनिवार्य है। अगर करदाता ने ऐसी असेट्स की जानकारी पृथक रूप से नहीं दी है तो उसे आयकर विभाग का नोटिस प्राप्त हो सकता है, जिससे करदाता को परेशानी आ सकती है।

पहल | **दिव्यांगजन सुविधा बढ़ाने के दिए निर्देश**

आयुक्त नि :शक्तजन कल्याण ने बस स्टैण्ड रेलवे स्टेशन, थानों का किया निरीक्षण

भोपाल, यशभारत। निःशक्तजन कल्याण आयुक्त संदीप रजक ने अनूपपुर में थाना अजाक, थाना कोतवाली, बस स्टैण्ड तथा रेलवे स्टेशन क्षेत्र का भ्रमण कर निःशक्तजन कल्याण के लिए रैम्प, पेयजल, शौचालय आदि सुविधाओं का जायजा लिया। रजक ने अजाक थाना भवन में दिव्यांगों के लिए उनकी सुविधाओं से संबंधित जानकारी सूची का प्रदर्शन तथा दिव्यांगजनों से दुव्यर्वहार करने वालों के विरूद्ध प्रावधान के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। थाना कोतवाली के निरीक्षण के दौरान दिव्यांगजनों हेतु सुविधाओं की उपलब्धता के साथ ही थाना परिसर में स्थापित महिला डेस्क में रैम्प बनाने तथा थाने में दिव्यांगों के लिए प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी का फ्लैक्स लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग शिकायतकर्ताओं के साथ उचित व्यवहार, आवश्यक सहयोग, बाधारहित सुविधाएँ, पेयजल आदि की सुविधाएँ सुनिश्चित

करें।बस स्टैण्ड के निरीक्षण के दौरान रजक ने बसों का जायजा लिया। विकलांगों के लिए 50 प्रतिशत छूट संबंधी जानकारी का प्रदर्शन बसों में नही पाए जाने पर आरटीओ को बसों में दिव्यांगों के लिए सीटों के आरक्षण तथा 50 प्रतिशत छूट की जानकारी प्रदर्शित करने बसों के स्टॉफ को निःशक्तजन कल्याण के लिए परिवहन आयुक्त द्वारा जारी आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस स्टैण्ड में साफ-सफाई तथा सुलभ काम्पलेक्स में रैम्प के बेहतर निर्माण, गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही करने तथा सामाजिक संगठनों, व्यापारियों के सहयोग से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें।आयुक्त रजक ने नागरिकों के द्वारा अनूपपुर रेलवे स्टेशन में निःशक्तजन के लिए फुट ओव्हर ब्रिज नही होने तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दिए जाने पर शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अनूपपुर रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर जायजा लिया और निःशक्तजन की सुविधाओं के लिए निर्धारित मानक के रैम्प के निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनूपपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य स्टेशन प्रबंधक, जीआरपी, आरपीएफ स्टॉफ भी उपस्थित थे।

लाडली बहना योजना की शर्तों में असमंजस

भोपाल, यशभारत। राजधानी सहित प्रदेशभर में लाड़ली बहना योजना का दूसरा दौर 25 जुलाई से शुरु हो गया है, लेकिन इसमें पात्रता की शर्तों को लेकर असमंजस की स्थिति है। जिससे वो महिलाएं भी वार्ड कार्यालय पहुंच रही हैं, जो पहले चरण में फार्म भरने से वंचित रह गई थी। लेकिन स्पष्ट निर्देश नहीं होने से महिलाएं निगम कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। बता दें कि लाडली बहना योजना के दूसरे चरण में केवल 21-23 वर्ष की आयुवाली विवाहित महिलाओं के फार्म जमा करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा जिनके घर ट्रेक्टर होने की वजह से पिछली बार इस योजना में शामिल होने से वंचित रह गई थी। वार्ड क्रमांक 36 में आवेदन देने के लिए आई ममता तिवारी ने बताया कि वे फार्म जमा कराने के लिए वार्ड आई थी, लेकिन अधिकारियों ने पात्रता नहीं होने की बात कह कर वापस लौटा दिया।

दो किलोमीटर के दायरे में हों मतदान केन्द्र

भोपाल, यशभारत । जिले में कोई भी मतदान केंद्र दो किलोमीटर से अधिक दूरी पर नहीं होना चाहिए। साथ ही हर केंद्र पर सिर्फ 1500 मतदाता होना चाहिए। इसके अलावा एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर ही होना चाहिए।

यह निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने दिए हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधि चार अक्टूबर 2023 तक चलेगी। इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जो?ने, मृत मतदाताओं के नाम हटाने, वोटर आईडी कार्ड में संशोधन के लिए शिविर भी लगाएं जाएंगे। दो अगस्त को होगा प्रारूप का प्रकाशन

जिला मुख्यालय में दो अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। राजनीतिक दलों को प्रारूप की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दो अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, मतदाता सूची में संशोधन, मृत मतदाता और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इस दौरान सभी बीएलओ अपने - अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। चार अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

हर खेत को मिलेगा सिंचाई का पानी और हर घर को नल से जल : मुख्यमंत्री

कटनी क्षेत्र के लिये 1011 करोड़ की बहोरीबंद सिंचाई परियोजना स्वीकृत, प्रदेश में बहनों के सशक्तिकरण के निरंतर प्रयास

कटनी,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कटनी जिले के बड़गाँव में विकास पर्व में विशाल जन-समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने क्षेत्र के 313 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने क्षेत्र के विकास के लिये कई घोषणाएँ कीं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ाया जा रहा है। विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से हर खेत तक पानी और जल-जीवन मिशन द्वारा हर घर में नल से जल पहुँचाया जाएगा। कटनी क्षेत्र के लिये 1011 करोड़ रूपये की बहोरीबंद उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना स्वीकृत हुई है। इससे 80 हजार एकड़ में सिंचाई होगी और कटनी तहसील के 5, बहोरीबंद के 86 गाँव, रीठी के 17 और स्लीमनाबाद के 43 गाँवों को पानी मिलेगा। जल-जीवन मिशन से कटनी जिले में रीठी जनपद के 109, कटनी जनपद के 50 ग्रामों सहित कटनी जिले के कुल 159 गाँवों में, जहाँ पठारी क्षेत्र है, अब आसानी से घर-घर नल से जल पहुँचेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान की प्रमुख घोषणाएँबड़गांव में उप तहसील बनाई जाएगी। पानउमरिया नगर पंचायत का गठन हो रहा है। बड़गांव के हायर सेकेण्डरी स्कूल में विज्ञान संकाय प्रारंभ किया जाएगा।बाकल के हायर सेकेण्डरी स्कूल के नवीन भवन का निर्माण होगा।बहोरीबंद तहसील के बचौया गांव में राजस्व निरीक्षक मंडल गठन किया जाएगा।परसेल के विद्यालय का उन्नयन कार्य होगा। प्रदेश में बहनों के सशक्तिकरण के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में 45 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी हैं और लगभग सवा करोड़ लाड़ली बहनाएँ हैं। अब 21 वर्ष की बहनों और ट्रेक्टर वाले 5 एकड़ से कम भूमि वाले परिवार की बहनों को भी लाड़ली बहना योजना की पात्रता है। पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण के कारण आज बहनें सरकार चला रही हैं। मंच पर 23 वर्ष की सरपंच बिटिया और कटनी की महापौर बहन बैठी हैं। यह हमारे लिये गौरव की बात है। लाड़ली बहना की राशि को धीरे-धीरे बढ़ा कर 3000 रूपये तक किया जाएगा। प्रदेश में बहनों की इज्जत और मान-सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाता है। दारू के अहाते बंद कर दिये गये हैं। बहनों के प्रति दुराचार करने वालों को फाँसी का प्रावधान है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा कटनी जिले में भूमि-पूजन कार्य लागत ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना पवई-2279.30 बहोरीबंद जलाशय की नहरों में रीसेक्शनिंग कांक्रीट लाइनिंग 13.28 स्लीमनाबाद में संयुक्त तहसील कार्यालय के भवन निर्माण कार्यो का भूमि-पूजन 7 .95 रीठी में बनने वाले 6 ट्रेड आईटीआई, 60 सीटर बालक एवं 60 सीटर बालिका छात्रावास भवन निर्माण कार्य का भूमि-पूजन12.63 कुल 313.16 मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम और आप एक विशाल परिवार हैं। प्रदेश में सरकार नहीं परिवार चल रहा है। जिस प्रकार एक परिवार में हर सदस्य के हितों का पूरा ध्यान रखा जाता है, उसी प्रकार प्रदेश में भी हर व्यक्ति के कल्याण के कार्य किये जा रहे हैं। गरीब किसान भाइयों को वर्ष में मिलने वाली सम्मान निधि की राशि 12 हजार रूपये कर दी गई है। गरीब को प्रतिमाह 5 किलो निरूशुल्क राशन दिया जा रहा है। आयुष्मान योजना में वर्ष में 5 लाख रूपये तक के निरूशुल्क इलाज की व्यवस्था है। पुरानी सरकारों ने जन-कल्याण की बहुत सी योजनाएँ बंद कर दीं। किसानों के साथ कर्ज माफी का झूठा वादा कर उन्हें डिफाल्टर बना दिया। हमारी सरकार ने उनका 2200 करोड़ रूपये का ब्याज भर कर उन्हें ऋण मुक्त किया है और शून्य प्रतिशत ब्याज पर उन्हें फसल ऋण दिया जा रहा है। पुरानी सरकार ने संबल और तीर्थ यात्रा बंद कर दी तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना की राशि नहीं दी। हमारी सरकार ने सभी योजनाएँ दोबारा चालू कीं। अब बुजुर्गों को हवाई जहाज से भी तीर्थ-दर्शन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं बेटे-बेटियों की पढ़ाई में पैसों की बाधा नहीं आने दूँगा। बच्चों को किताब, गणवेश, सायकल, लेपटॉप और अब टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी भी दी जाएगी। मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरवाएगी। प्रदेश में एक लाख पदों पर सरकारी भर्ती की जा रही है, स्व-रोजगार के लिये ऋण दिलाये जा रहे हैं और मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में प्रशिक्षण के साथ मानदेय भी दिया जा रहा है। हर हाथ को कार्य दिया जा रहा है। कन्या-पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने पुष्पवर्षा कर बहनों का अभिनंदन किया। बहनों ने अपने लाड़ले भाई को राखी बांधी। सांसद बी.डी. शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुये विभिन्न कल्याणकारी योजनाये संचालित कर रही है। सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रदेश के वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना एवं सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, दीपक सोनी टण्डन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनिता मेहरा, कटनी महापोर प्रीति संजीव सूरी, जन-प्रतिनिधि और विशाल जन-समुदाय उपस्थित था।

आत्मनिर्भर बन रहे निपनिया के जनजातीय समाज की उद्यमिता को सराहा

कटनी,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को बड़गांव में आयोजित रोड शो के दौरान वनोपज चिरौंजी बेचकर आत्मनिर्भर बन रहे निपनिया और केवलारी गांव की जनजाति समाज से भेंट की। मुख्यमंत्री ने जनजातियों द्वारा किए जा रहे चिरौंजी की बिक्री के कार्य को व्यावसायिक रूप से और अधिक सक्षम और सुदृढ़ बनाने के लिए दो लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की। जनजातीय समाज ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को चिरौंजी का पैकेट उपहार स्वरूप प्रदान किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनजातीय समाज को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में उठाए गए प्रयासों के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। मुख्यमंत्री से रोड शो के दौरान मिले निपनिया और केवलारी के जनजातीय समाज ने बताया कि कृषि विभाग की आत्मा परियोजना की मदद से रानी दुर्गावती बहुउद्देशीय सहकारी समिति का गठन कर चिरौंजी प्रसंस्करण की इकाई स्थापित करने के बाद से हम लोगों को चिरौंजी की अच्छी कीमत मिलना शुरू हुई है। मुख्यमंत्री यह सुनते ही बेहद खुश हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समिति के सदस्य महेंश सिंह और मदन उरेती से बात कर चार की गुठलियों से चिरौंजी निकालने तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली।जनजातियों ने मुख्यमंत्री को चर्चा के दौरान बताया कि प्रसंस्करण यूनिट लगने के पहले तक व्यापारी और साहूकार उनसे मात्र 100 रूपए प्रति किलोग्राम की दर से चिरौंजी खरीदते थे और खुद चिरौंजी को खुले बाजार में बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे ।लेकिन अब हम लोगों ने खुद अपने चिरौंजी की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग करते हैं और अब सौ ग्राम चिरौंजी 180 रूपए में बेंचते हैं ।मुख्यमंत्री ने जनजातीय वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा किए गए सद्प्रयासों की भी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि जिले की बहोरीबंद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निपानिया और केवलारी ग्राम के करीब 400 जनजातीय परिवार आसपास के वन में लगे अचार वृक्ष से चिरौंजी की गुठलियों को तोड़कर वर्षों औने -पौने दामों में व्यापारियों को बेंचते रहे हैं। व्यापारी भी इनके भोलेपन का फायदा उठाकर इन्हें बहला-फुसलाकर,इनसे महंगी ड्राई फ्रूट्स में शामिल चिरौंजी को मात्र सौ रुपए प्रति किलो ग्राम की सस्ती कीमत में खरीदकर खुद खुले बाजार में बेंचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। लेकिन अब हालात बदल गए हैं, जनजातियों ने जिला प्रशासन की मदद से समिति बनाकर खुद की प्रसंस्करण इकाई लगाई और अब खुद चिरौंजी की पैकेजिंग और बिक्री कर आमदनी अर्जित कर रहे हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद स्वाद, गुणवत्ता और बेशुमार पोषक तत्वों से युक्त इस गांव की चिरौंजी की ग्लोबल ब्रांडिंग को अंजाम देने के प्रयासों में लगे हैं। कलेक्टर ने यहां निपनिया और केवलारी ग्राम के आस-पास चार के पौधों के सघन पौधारोपण कराने की योजना पर भी काम करने वन अधिकारियों को निर्देशित किया है।

छेड़छाड़ व मारपीट के आरोपियों को सजा

कटनी, यशभारत। छेड़छाड़ के आरोपी को न्यायालय ने एक वर्ष की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि रीठी थाना क्षेत्र के प्रकरण में आरोपी ग्राम बकलेहटा निवासी 27 वर्षीय प्रशांत जैन छेड़छाड़ करने के आरोप में धारा 354 में दोषी पाते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लालता सिंह की न्यायालय द्वारा 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। उक्त प्रकरण में पैरवी अमरेन्द्र कुमार तिवारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई। इसी प्रकार थाना बहोरीबंद के प्रकरण में आरोपी गंगाराम भूमिया व रंगीलाल भूमिया को मारपीट करने के आरोप में धारा 294, 323, 34 में दोषी पाते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने दोनों आरोपियों को 6 माह के सश्रम कारावास से दंडित किया है।

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं का सराहनीय प्रदर्शन

शासकीय स्कूलों ने जीत का परचम फहराया, दबदबा रहा कायम

कटनी, यशभारत। जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मप्र पर्यटन विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित पर्यटन क्विज में जिले भर की 60 शासकीय और अशासकीय शालाओ से 180 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं ने प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में भागीदारी की। लिखित परीक्षा में चयनित 6 टीमों के साथ मल्टीमीडिया क्विज राउंड का द्वितीय चरण हुआ जिसके 10 राउंड में मध्यप्रदेश के बारे में अलग अलग प्रश्न पूछे। बच्चों ने स्वयं और तीन लाइफ लाइन एक नही दो जवाबए शिक्षक की शरण, दोस्त की मदद से हल किया। मल्टी मीडिया राउंड में कही माइनस मार्किंग तो कही फिल्मों के स्थान में बच्चे सवालों की गुत्थियां सुलझाते रहे। क्विज मास्टर डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने रोचक तरीके बच्चो से प्रश्न पूछे। द्वितीय चरण के बाद शाण् उत्कृष्ट विद्यालय विजयराघवगढ़ ने प्रथम, सीएम राइज मॉडल कटनी ने द्वितीय, शा. स्कूल वेंकटवार्ड ने तृतीय, प्राइवेट शिकागो पब्लिक स्कूल ने चौथा, शा. गर्ल्स स्कूल सिविल लाइन ने पांचवा और शा. स्कूल कन्हवारा ने छठवां स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों के रूप में आशीष, महेंद्र, हर्ष, आकाश, चंद्रेश, श्रेष्ठ, प्रकाश, सानिया बानो, अभिषेक दिशा, नीति, प्रेम, पूजा, शेफाली, कशिश, शिखा, आर्यन और सिद्धार्थ ने भाग लेकर अपनी टीमों को जीत दिलाई। विजेता प्रथम तीन टीमों को पर्यटन विभाग की ओर से तीन दिन दो रात का कूपनए उपविजेता तीन टीमों को दो दिन एक रात का कूपन पुरस्कार में दिया गयाए विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगी। क्विज के पर्यवेक्षण के लिए पर्यटन विभाग बरगी से देवेन्द्र शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कमलेश सैनी पर्यटन प्रभारी की रूपरेखा में राजेश अग्रहरि सहायक संचालक और राकेश बारी आईटी समन्वय, स्कूल प्राचार्य अपर्णा अग्निहोत्री द्वारा बच्चों को पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र, मैडल और कूपन प्रदान किये गए। कार्यक्रम की सफलता के लिए क्विज मास्टर डॉ सचिन श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट विद्यालय की सहयोगी टीम का आभार प्रकट किया।

देशी बम लिए मिले तीन बदमाश

कटनी, यशभारत। एनकेजे पुलिस ने तीन बदमाशों के पास से देशी बम बरामद किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुर्खी टैंक की मेड़ में पुलिस ने दुर्गा चौक निवासी अमन चौधरी, जावेद उर्फ राय खान व गोलू उर्फ गोकुल निषाद को देशी बम लेकर घूमते गिरफ्तार किया गया है। अवैध रूप से देशी विस्फोटक पदार्थ लिए मिलने पर धारा 364, 5 विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे ने बताया कि आरोपी मछली आदि मारने के लिए इनका उपयोग करना बता रहे हैं।

पेड़ से गिरे किशोर की मौत

कटनी, यशभारत। उमरियापान थाना अंतर्गत कोदवारी मोहल्ला में एक किशोर की पेड़ से गिर जाने के कारण मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बचैया निवासी 16 वर्षीय निकेत पिता राजकुमार बर्मन उमरियापान के कोदवारी मोहल्ला में पेड़ से गिरकर घायल हो गया था। इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

कार व ऑटो की टक्कर में पांच घायल

कटनी, यशभारत। माधवगनगर थाना अंतर्गत विश्राम बाबा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार ड्राइवर सहित 5 लोगों को चोट आई है। राहगीरों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों ने बताया कि कटनी से ऑटो क्रमांक एम.पी.21आर-4968 सवार होकर कटनी से बिलहरी जा रहे थे। विश्राम बाबा पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एम.पी.21सीए-5457 जो यातायात थाने में अटैच है। साइड से ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो सड़क किनारे खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। ऑटो में 10 से 12 लोग सवार थे। सुनीता गौड़ निवासी करहिया, लक्ष्मी गोड़ ग्राम करहिया, रामवती चौधरी निवासी सतवारा, तीज बाई चौधरी ग्राम सतवारा और ऑटो चालक विनोद साहू निवासी बिलहरी घायल हो गए।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के नए आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू

21 वर्ष से 23 वर्ष तक की महिलाओं के लिए 25 जुलाई से प्रारंभ हुई

कटनी,यशभारत। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के संबंध राज्य शासन द्वारा किए गए संशोधनों के अनुक्रम में 1 जनवरी 2023 को 21 वर्ष या उससे अधिक 23 वर्ष एवं 23 वर्ष से 60 वर्ष तक की जिन महिलाओं एवं समग्र परिवार में आश्रित के नाम पर भी ट्रैक्टर रजिस्टर्ड है। उन्हें भी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा समग्र पोर्टल पर आधार ईकेवाईसी पूर्ण कराते हुए नवीन हितग्राहियों के

निगमायुक्त सतेंद्र सिंह धाकरे ने कार्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों कर्मचारियों को सौंपी जिम्मेदारी

ऑनलाइन आवेदनों का पंजीयन 25 जुलाई से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जो 20 अगस्त तक जारी रहेगी। नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत सभी 45 वार्डो के आवेदन पंजीयन की कार्रवाई एवं कार्य व्यवस्था हेतु निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उपायुक्त पीके अहिरवार को नोडल अधिकारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक योजना प्रभारी रवि शंकर पांडे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

चारों जोन कार्यालय में शुरू हुई नवीन आवेदन भरने की प्रक्रिया

नवीन आवेदन भरने के लिए 45 वार्डो के आवेदन पत्रों की कार्रवाई चार जोन कार्यालयों में 1 ऑडिटोरियम बस स्टैंड 2 दुर्गा चौक खिरहनी 3 कार्यालय नगर पालिक निगम एवं माधव नगर उप कार्यालय में की जा रही है। इस बार 21से 23 साल की पात्र लाडली बहना जिनके नाम पर ट्रेक्टर भी है। उन्हें भी शासन की योजना का लाभ दिया जायेगा। इसके लिए 45 वार्डो में नियुक्त वार्ड प्रभारी वार्ड दरोगा एआरआई सहयोगी कर्मचारी वार्डो का भ्रमण कर योजना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए योजना से वंचित महिलाओं को लाभान्वित कराने का कार्य भी करेगें।

महापौर ने किया कर्बला शरीफ एवं कब्रिस्तान का निरीक्षण

कटनी,यशभारत। नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शहर के गाटर घाट स्थित कर्बला शरीफ एवं कब्रिस्तान का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को मुहर्रम पर्व के मद्देनजर व्यवस्थाओं के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ताजिया विसर्जित करने के लिए घाट में सीढ़ियों एवं प्रकाश के इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के बाद किए गए समुचित प्रबंध देखने मेरे द्वारा स्वयं 27 जुलाई को दिन एवं रात्रि के समय निरीक्षण भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम समाज का मुहर्रम पर्व का पर्व का एक महत्वपूर्ण स्थान है। इसके लिए महापौर श्रीमती सूरी ने मुस्लिम बाहुल्य इलाके मस्जिदों के आसपास नए पुराने कबंला शरीफ तथा नगर निगम के पास सैयद बाबा दरगाह शरीफएवं इस्लामी जलसागाह तमाम इमाम बाड़े के आसपास संपूर्ण साफ-सफाई कीटनाशक दवा छिड़काव नाली की सफाई लाइनिंग व उक्त इलाके में रोड पर हुए गड्ढे का भराव समतलीकरण करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा आयोजन के चलते लोग घरों में फतहा नियाज इबादत करते हैं। इसलिए विद्युत व्यवस्था आवश्यक रूप से कराए जाने व पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से कराए जाने के भी निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा कब्रिस्तान जाने वाली रोड पर अव्यवस्थित गड्ढों का भराव कर सुगम रास्ता बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, श्रीमती शकुंतला सोनी, कार्यपालन यंत्री राहुल जाखड, उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी, संजय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, तेजभान सिंह, मुस्लिम समाज के अजहरूद्दीन अज्जू, ठेकेदार सिराजुद्दीन नाजू हाजी अब्दुल कादिर आरिफ तनवीर सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

मोहर्रम पर्व के मद्देनजर व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखने दिए निर्देश

10 सितंबर को मनाया जाएगा दधिकांदो महोत्सव, तैयारियों के लिए समितियां गठित

कटनी,यशभारत। श्री बधाई उत्सव कमेटी की वार्षिक बैठक दधिकांदो महोत्सव के संदर्भ में सुक्खन अखाड़ा में 22 जुलाई को प्रेम प्रकाश दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष दधिकांदो महोत्सव 10 सितंबर को भव्य रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें भगवान श्री की शोभायात्रा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ पूर्व वर्षो की भांति निकाली जावेगीए बैठक में नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जो इस प्रकार है। संस्थापक सदस्य स्वर्गीय अनंत राम चौदहा, स्वर्गीय चुन्नीलाल अग्रवाल, स्वर्गीय गणेश प्रसाद दीक्षित, स्वर्गीय गोपालदास चौदहा, स्वर्गीय श्याम लाल चौदहा, स्वर्गीय ग्यारसी लाल महतेले, संरक्षक मंडल राजू अग्रवाल, राजू खंडेलवाल, बिहारी लाल सोनी, अनिरुद्ध अग्रवाल, ओमप्रकाश टुडहा, गणेश मोर, पदम त्रिपाठी मामा, सुरेश सराफ, पंकज त्रिसोलिया, मनोहर मनोज, विपुल कोटक, अजय सरावगी, रम्मू बिलैया, प्रमोद जैन, विनीत चौदहा, जितेश बिलैया, संयोजक मंडल प्रेम प्रकाश दीक्षित पुतू, संजीव चौदहा बबलू, अध्यक्ष अभिषेक पुरवार, उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी, कृष्णा सोनी, कृष्ण गोपाल गर्ग, अशोक नगरिया, सचिव रविंद्र चौदहा,सह सचिव मयूर खंडेलवाल, अभिषेक बर्मन, अतीश खमपरिया, शिवम पहारिया, कोषाध्यक्ष संतोष पांडे, प्रचार मंत्री राहुल सुहाने, मयंक सोनी, सिद्धार्थ खर्द, सजावट मंत्री, सुशील बरसैया, सतीश मोर, रूपेश पहारिया, संगठन मंत्री, रौनक खंडेलवाल, प्रदीप दीक्षित, टीनू सचदेवा, प्रदीप द्विवेदी, सोशल मीडिया प्रभारी, कृष्णा सोनी, ललित बर्मन, अखिलेश पुरवार, सम्मानित सदस्य, संजय पाठक विधायक, संदीप जयसवाल विधायक, प्रणव पांडे, बसंत सिंह, प्रीति संजीव सुरी महापौर, मनीष पाठक नगर निगम अध्यक्ष, दीपक टंडन सोनी, विक्रम खंपरिया, अशोक विश्वकर्मा, श्रीमती सरोज बच्चन नायक, पितांबर टोपनानी, सुकीर्ति जैन, गिरराज किशोर पोद्दार, ध्रुवप्रताप सिंह, श्रीमती अलका जैन, प्रियदर्शन गौर, चमन लाल आनंद, रामरतन पायल, विजेंद्र मिश्र, शंकर लाल विश्वकर्मा, प्रदीप मित्तल, मनीष गेई, सियाराम प्यासी, राजेश दीक्षित, मिथिलेश जैन, भगवानदास महेश्वरी, मोहनलाल चौदहा, चीनी चेलानी, सुरेश गुप्ता, राज किशोर यादव, पवन मित्तल, मथुरा प्रसाद सोनी, अभिलाष दीक्षित, निरंजन पंजवानी, संजय गुप्ता पप्पू, रमेश सोनी, अशोक रिझवानी, कन्हैया तिवारी विनय दीक्षित, सुरेश सोनी, प्रकाश रजक, सुशील मोहनानी, सुमित अग्रवाल, विजय गड़ोदिया, बालमुकुंद गुप्ता, धन्नालाल सरावगी, नरेंद्र चौदहा, प्रवीण खंताल, राजू रजक, करण सिंह, सिब्बू साहू, संदीप यादव, सुशील मोटवानी, किशोर कांचकार, सौरभ नायक, संतोष गुप्ता, जमुना बिचपुरिया, बिल्लू शर्मा, राजू शर्मा, विष्णु सोनी, सुशील सोनी, जुलूस संचालन समिति संजय चौदहा बेबू, संजय चौदहा मंगू, अतुल बिलैया, अनुराग सरावगी, मनीष सराफ, जितेश बिलैया, मंटू रावत, जयप्रकाश दीक्षित, रामेश्वर चौदहा, गोपाल गट्टानी, दीपक सरावगी, अमित टुडहा, मंझा सोनी, अमित तिर्थानी, सतीश सोनी, राज सोनी, उम्मी पाठक, गूलालू खम्परिया, अंकित अग्रवाल, छोटू एस साउंड, राकेश सिंह, ऋषभ गुप्ता, राजू ग्रोवर, संजू नागरा, सतीश बजाज, शंकर सेन, मनु दीक्षित, मनोज डेंगरे, प्रभात त्रिपाठी, संतोष कदेले, दिलीप सुहाने, संजू चौदहा, अरुण सोनी, आशीष गुप्ता बाबा, रघुवीर साहू, महेश सराफ, सूरज पहारिया, मयंक खंडेलवाल, अमित द्विवेदी, पवन जयसवाल, सचिन रैकवार, रानू नगरिया, अश्वनी पुरवार, सजावट समिति नरेंद्र खंताल, उमाशंकर सुहाने चुन्नू भैया, हरिमोहन बरसैंया, नितिन बिलैया, अमित चौदहा, दीपक चौरसिया, प्रवीण चौदहा, रिंकू सरावगी, संदीप पांडे, हरीश बिलैया, रानू तिवारी, हितेश बिलैया, मोनू गट्टानी, हिमांशु दीक्षित, संजय सरावगी, प्रचार समिति गोपाल सिंघानिया, अनुराग त्रिसोलिया, आशीष सोनी, शैलेश पाठक, लालजी शर्मा, आदेश खरया, भवानी तिवारी, बबलू खरे, अन्नू शर्मा, संजीव वर्मा, एसडी खरे, रवि पांडे, मुकेश तिवारी, पंकज खरे, आशुतोष शुक्ला, अमित यादव, संजय गौतम, राघवेंद्र चतुर्वेदी, अनिरुद्ध बजाज, अंशुल बहरे, बाल्मिक गौतम, रोहित सेन, राकेश तिवारी, गुड्डू तिवारी, विष्णु बलेचा, संजय शर्मा, भोजन एवं प्रसाद समिति सुरेश सराफ, ओमप्रकाश टुडहा, प्रवीण खंताल, अशोक नगरिया, कार्यालय प्रभारी अनिरुद्ध अग्रवाल, महिला समिति महिमा दीक्षित, रीता चौदहा, कांची खर्द, अंजना सोनी, सीता टुडहा, मीना खंडेलवाल, मंजू अग्रवाल, उमा पुरवार, संजना पांडे, कल्पना द्विवेदी, सीमा पुरवार, अनुराधा दीक्षित, सुभद्रा सोनी, शिल्पी सोनी, अंगूरी नगरिया, माही तिवारी, रीना चौदहा, अर्चना सोनी, मंजू शर्मा, लक्ष्मी दीदी राजयोग केंद्र, सहयोगी संस्था बजरंग बाल रामायण समाज कटनी, हिंदू उत्सव समिति कटनी, महाकाल सरकार सेवा समिति कटनी, कटनी ब्लड डोनर कटनी, मिलन ब्लड डोनर कटनी, बारडोली उत्सव समिति, महालक्ष्मी गौ सेवा समिति, कटनी टेंट एंड लाइट एसोसिएशन कटनी, राजयोग केंद्र कटनी, लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट कमेटी कटनी, सर्वशक्ति वुमन पावर ग्रुप कटनी एवं शहर की अन्य सामाजिक संस्थाएं।

वेस्टइंडीज से सीरीज जीतने उतरेगा भारत, जानें कब और कहां देखें दूसरा वनडे

नई दिल्ली, एजेंसी। रोहित शर्मा की टीम जब दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज के सामने होगी तो उसकी निगाहें वनडे में कैरेबियाई टीम पर बीते 17 वर्षों से चली आ रही श्रेष्ठता बरकरार रखने पर होंगी। भारत अगर दूसरा वनडे जीतता है तो न सिर्फ विंडीज से लगातार 13वीं वनडे सीरीज जीतेगा बल्कि 2006-07 से इस टीम पर चला आ रहा अपना वर्चस्व भी कायम रख पाएगा। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला बारबाडोस में शनिवार (29 जुलाई) को खेला जाएगा। दोनों टीमें पहले मैच में भी इसी मैदान पर आमने-सामने हुई थीं। तब भारत ने पांच विकेट से हराया था। ऐसे में भारत शनिवार को सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगा। उसने दो टेस्ट मैचों की सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया था। डोमिनिका में खेले गए पहले मैच को पारी और 141 रन से जीता था। वहीं, त्रिनिदाद में खेला गया टेस्ट बारिश के कारण ड्रॉ हो गया था। भारत के पास वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप करने का मौका है।

रोहित शर्मा की टीम जब दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज के सामने होगी तो उसकी निगाहें वनडे में कैरेबियाई टीम पर बीते 17 वर्षों से चली आ रही श्रेष्ठता बरकरार रखने पर होंगी। भारत अगर दूसरा वनडे जीतता है तो न सिर्फ विंडीज से लगातार 13वीं वनडे सीरीज जीतेगा बल्कि 2006-07 से इस टीम पर चला आ रहा अपना वर्चस्व भी कायम रख पाएगा।

भारत बनाम वेस्टइंडीज दूससा वनडे 29 जुलाई को खेला जाएगा। भारत बनाम वेस्टइंडीज दूसरा वनडे कहां खेला जा रहा है? भारत बनाम वेस्टइंडीज दूसरा वनडे बारबाडोस के केनिंग्सटन ओवल में खेला जाएगा।

वेस्टइंडीज के विकेट का जश्न मनाती भारतीय टीम - फोटो - सोशल मीडिया

भारत बनाम वेस्टइंडीज दूसरा वनडे कितने बजे शुरू होगा भारत बनाम वेस्टइंडीज दूसरा वनडे भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे से शुरू होगा।

भारत बनाम वेस्टइंडीज के बीच दूसरे वनडे का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। डीडी स्पोर्ट्स अलग-अलग भाषाओं में मैच का प्रसारण करेगा। यह फ्री डीटीएच पर ही देखा जा सकता है।

वहीं, ऑनलाइन आप यह मैच जियो सिनेमा और फैनकोड एप और वेब साइट पर देख सकते हैं। जियो सिनेमा एप या वेबसाइट पर फ्री में मैच को देख पाएंगे। वहीं, फैनकोड पर देखने के लिए तय कीमत चुकानी होगी।

शाई होप (कप्तान), रोवमन पॉवेल (उप कप्तान), एलिक अथानाजे, यानिक कैरियाह, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरोन हेटमायर, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिंक्लेयर, ओशेन थॉमस।

वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

आयरलैंड दौरे पर जा सकते हैं बुमराह

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी। जय शाह ने बताया कि तीन टी-20 मैचों के आयरलैंड दौरे पर बीसीसीआई दूसरे दर्जे की टीम भेजेगा, लेकिन इसमें फिट हो चुके जसप्रीत बुमराह को भी भेजा जा सकता है। भारत में पांच अक्तूबर से शुरू होने जा रहे वनडे विश्वकप के कार्यक्रम में फेरबदल की प्रबल संभावना है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के तीन पूर्ण सदस्य देशों ने अपने मैचों के कार्यक्रम में फेरबदल के लिए लिखा है। शाह के मुताबिक आने वाले तीन से चार दिनों विश्वकप के कार्यक्रम पर फैसला हो जाएगा।

तिथि और समय में होगा परिवर्तन

जय शाह ने बताया कि सिर्फ तिथि और समय में परिवर्तन होगा, आयोजन स्थल में कोई परिवर्तन नहीं होगा। ये परिवर्तन आईसीसी की सलाह से होंगे। शाह ने कहा कि अगर मैच के दौरान छह दिन का अंतराल है तो इसे कम करने की कोशिश की जाएगी। शाह ने यह भी कहा कि विश्वकप के दौरान स्टेडियम में साफ-सफाई विशेष तौर पर टायलेट्स की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। कोशिश यह भी की जा रही है मैचों के दौरान दर्शकों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए। टिकटों की बिक्री पर घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी।

बुमराह जा सकते हैं आयरलैंड

जय शाह ने बताया कि तीन टी-20 मैचों के आयरलैंड दौरे पर बीसीसीआई दूसरे दर्जे की टीम भेजेगा, लेकिन इसमें फिट हो चुके जसप्रीत बुमराह को भी भेजा जा सकता है। हालांकि अंतिम फैसला लेने से पहले बुमराह दो वार्मअप मैच भी खेल सकते हैं, जिससे उनकी फिटनेस का पता लग जाएगा। शाह ने कहा कि आयरलैंड दौरे पर बुमराह के अलावा न तो हार्दिक पांड्या और न ही अन्य किसी विश्वकप में खेलने के दावेदार वरिष्ठ क्रिकेटरों को भेजा जाएगा। शाह ने कहा कि दिसंबर, 2022 से बंद पड़े भारत ए के दौरों को भी शुरू किया जाएगा। विश्वकप के बाद भारत ए की टीम द. अफ्रीका ए के साथ उसके देश में खेलेगी। इसके अलावा इंग्लैंड लॉयंस भारत का दौरा करेगी।

आयरलैंड ने टी-20 विश्वकप 2024 में जगह बनाई, स्टर्लिंग बोले शीर्ष पर रहना चाहते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी। शीर्ष दो यूरोपीय क्वालिफायर टीमें मुख्य दौर में जगह बनाएंगी। पांच मुकाबलों में आयरलैंड ने चार जीते हैं जबकि एक ड्रॉ खेला है। अगर वह स्कॉटलैंड को हरा देता है तो ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। आयरलैंड ने अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए जगह बनाई। आयरलैंड का जर्मनी के खिलाफ क्वालिफाइंग मुकाबला बारिश के कारण धुल गया और टीम को विश्वकप का टिकट मिल गया। आयरलैंड ने शुक्रवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ होने वाले मैच से पहले ही कम से कम दूसरे स्थान पर रहना सुनिश्चित कर दिया। स्कॉटलैंड पहले ही टी-20 विश्वकप के लिए जगह बना चुका है। शीर्ष दो यूरोपीय क्वालिफायर टीमें मुख्य दौर में जगह बनाएंगी। पांच मुकाबलों में आयरलैंड ने चार जीते हैं जबकि एक ड्रॉ खेला है। अगर वह स्कॉटलैंड को हरा देता है तो ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने कहा कि उनकी टीम इस उपलब्धि का जश्न मनाएगी, लेकिन हम क्वालिफायर में शीर्ष पर रहना चाहते हैं। यूरोप में टी20 विश्व कप क्वालिफायर में कुल सात टीमें भाग ले रही हैं। स्कॉटलैंड और आयरलैंड के अलावा जर्मनी, जर्सी, इटली, डेनमार्क और ऑस्ट्रिया की टीम इसमें भाग ले रही हैं। हालांकि, क्वालिफायर राउंड खत्म होने से पहले ही स्कॉटलैंड और आयरलैंड ने फाइनल में जगह बना ली है। दोनों टीमें अब तक अजेय रही हैं। यही दोनों टीमें फाइनल में खेलेंगी और अगले साल विश्व कप में भी भाग लेंगी। विश्व कप 2024 के लिए मेजबान वेस्टइंडीज सहित शीर्ष आठ टीमें पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं।

जर्सी सैमसन की चेहरा सूर्यकुमार का, भारत-वेस्टइंडीज के मैच में हैरान हुए फैंस

नई दिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मैच में सूर्यकुमार यादव फील्डिंग के दौरान संजू सैमसन की जर्सी पहनकर मैदान में उतरे। शुरुआत में उन्हें देखकर सभी हैरान रहे गए, क्योंकि संजू का नाम प्लेइंग 11 में नहीं था। बाद में समझ आया कि सूर्यकुमार यादव इस मैच में संजू की जर्सी पहनकर खेल रहे हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला बारबाजोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जा रहा है। सूर्यकुमार यादव इस मैच में संजू सैमसन की जर्सी पहनकर फील्डिंग के लिए मैदान में उतरे। शुरुआत में उन्हें देखकर सभी हैरान रहे गए, क्योंकि संजू का नाम प्लेइंग 11 में नहीं था। बाद में समझ आया कि सूर्यकुमार यादव इस मैच में संजू की जर्सी पहनकर खेल रहे हैं। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब कोई खिलाड़ी दूसरे खिलाड़ी की जर्सी पहनकर मैदान में उतरा हो। कई मौकों पर खिलाड़ी कई कारणों से अपनी जर्सी मैदान तक नहीं ले जा पाते हैं और उन्हें अपने साथी खिलाड़ी की जर्सी पहनकर मैच खेलना पड़ता है। पिछले साल भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में कई भारतीय खिलाड़ियों का सामान होटल नहीं पहुंचा था।

वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद रोहित को याद आए पुराने दिन

नई दिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज को 114 रन पर ऑलआउट करने के बाद उसने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया। कप्तान रोहित शर्मा ओपनिंग करने के लिए नहीं उतरे। टीम इंडिया के पांच विकेट गिरे, लेकिन विराट कोहली को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार शुरुआत की है। उसने बारबाडोस में सीरीज के पहले मुकाबले में पांच विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में टीम इंडिया ने कई प्रयोग किए। वेस्टइंडीज को 114 रन पर ऑलआउट करने के बाद उसने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया। कप्तान रोहित शर्मा ओपनिंग करने के लिए नहीं उतरे। टीम इंडिया के पांच विकेट गिरे, लेकिन विराट कोहली को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। रोहित शर्मा सातवें क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आए। उन्होंने 19 गेंद पर नाबाद 12 रन बनाए और मैच को समाप्त किया। रोहित ने 12 साल बाद वनडे में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की। पिछली बार वह 15 जनवरी 2011 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस क्रम पर उतरे थे। तब हिटमैन ने नौ रन बनाए थे। उस मैच में भारत एक रन से जीता था। संयोग कि बात है कि उसी साल टीम इंडिया विश्व कप

जीती थी। रोहित ने जनवरी में सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की थी और भारत अप्रैल में चैंपियन बना था।

रोहित ने क्या-क्या कहा?

रोहित से जब सातवें नंबर पर उतरने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इस क्रम पर बल्लेबाजी करके उन्हें डेब्यू के दिनों की याद आ गई। रोहित ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि पिच इस तरह खेलेगी। पिच में तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के लिए सब कुछ था। हमारे गेंदबाजों ने उन्हें (वेस्टइंडीज) उस स्कोर तक सीमित रखने में अच्छा प्रदर्शन किया। हम वनडे में उन खिलाड़ियों को मैच में पर्याप्त समय देना चाहते थे जो यहां आए हैं।

रोहित ने आगे कहा, जब भी मौका मिलेगा हम प्रयोग करते रहेंगे। उन्हें 115 तक सीमित करने के बाद हम जानते थे कि कुछ खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें इस तरह के ज्यादा मौके मिलेंगे। मैंने भारत के लिए जब डेब्यू किया था तब सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करता था। मुझे उन दिनों की याद आ गई।

मैच में क्या हुआ?

वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 114 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा 43 रन कप्तान शाई होप ने बनाए थे। वहीं, भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने तीन और कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए थे। इसके जवाब में भारत ने ईशान किशन के 52 रन के दम पर पांच विकेट पर 118 रन बनाए और मैच जीत लिया। वेस्टइंडीज के लिए गुदाकेश मोती ने दो, जायडेन सेल्स और यानिक ने एक-एक विकेट लिया। भारतीय टीम ने इस मैच में गेंद के साथ कमाल का प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज को छोटे स्कोर पर रोका। हालांकि, इसके बाद टीम इंडिया ने बल्लेबाजी क्रम में काफी प्रयोग किए। रोहित शर्मा और विराट कोहली बल्लेबाजी के लिए आने के मूड में नहीं थे। ईशान और गिल ने पारी की शुरुआत की। सूर्यकुमार तीसरे नंबर पर आए। हार्दिक चौथे और जडेजा पांचवें नंबर पर आए। शार्दुल ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी की। हालांकि, भारत के पांच विकेट गिरने के बाद कप्तान रोहित को बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा।

रंग संसार

कोई पता तो करो आज नेपो गैंग कहां बिजी है

मुंबई, एजेंसी। कंगना रणौत हमेशा अपने बेबाक बयानों को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह अक्सर कुछ न कुछ ऐसा कह देती हैं, जिससे चर्चा होनी तय होती है। अब कंगना रणौत हाल ही में फिर कुछ ऐसा बोल गई हैं, जिसपर बात होना आम है। दरअसल कंगना ने अपने इंस्टाग्राम पर नेपोटिज्म पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा किया है और करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी पर निशाना साधा है। बता दें कि करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी कल सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। हालांकि कंगना वैसे तो सीधे नाम लेकर आलोचना करती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने बिना नाम लिए निशाना साधा है।

RARKPK के रिलीज डे पर कंगना ने किसपर कसा तंज

कंगना रणौत ने अपने पेज पर स्टोरी लगाई और लिखा, मेरे बारे में सुबह से एक भी बेबुनियाद नेगेटिव खबरें नहीं आई, केवल फर्जी चीजें भी मीडिया को मास मेल नहीं की गई, मेरे प्रोजेक्ट्स और की साल पुरानी फिल्मों के सीन के बारे में भी नेगेटिव और सेक्सुलाइज करने वाली बातें नहीं की गई। मुझे परेशान नहीं किया जा रहा है...इतना सन्नाटा क्यों है? कहीं लंका में आग तो नहीं लग गई? कोई पता तो करो आज नेपो गैंग कहां व्यस्त है।

दरअसल बीते दिन करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी रिलीज हुई है। इस फिल्म के जरिए करण निर्देशन की दुनिया में करीब सात-आठ साल बाद वापस आए हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन भी नजर आई हैं। हालांकि पहले दिन फिल्म का कलेक्शन कुछ खास नहीं रहा है। बता दें कि पिछले कुछ सालों में कंगना रणौत और करण जौहर ने एक-दूसरे पर कई टिप्पणियां कीं। दोनों के बीच विवाद कॉफी विद करण से शुरू हुआ जहां उन्होंने करण जौहर को नेपोटिज्म के लिए कहा और दोनों के बीच कोल्ड वॉर शुरू हो गया दोनों के बीच कभी न खत्म होने वाला झगड़ा शुरू हो गया।

वर्कफ्रंट की बात करें तो कंगना रणौत को आखिरी बार फिल्म धाकड़ में देखा गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी। इसके अलावा वह इन दिनों इमरजेंसी फिल्म को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसमें वह इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, श्रेयस तलपड़े समेत कई सितारे नजर आने वाले हैं। इसके अलावा हाल ही में अभिनेत्री ने तेजस का पोस्टर साझा किया था, जिसमें अभिनेत्री ने फिल्म की रिलीज के बारे में जानकारी दी थी।

अस्तित्व उसकी लड़ाई है नुसरत भरूचा की अकेली का दमदार टीजर जारी, इस दिन रिलीज होगी फिल्म

मुंबई, एजेंसी। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपनी दमदार एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड में एक अलग पहचान बनाई हैं। अभिनेत्री लीग से हटकर फिल्में करने के लिए जानी जाती हैं। इन दोनों नुसरत अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म अकेली को लेकर चर्चा में हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने फिल्म की शूटिंग खत्म की है, जिसकी जानकारी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया के जरिए दिया था। नुसरत के फैंस उनकी इस मचअवेटेड फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

वहीं, फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में अकेली का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 28 जुलाई को फिल्म के मेकर्स ने फिल्म का रोमांचक टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें नुसरत जंग के मैदान में फंसी नजर आ रही हैं, जिसके पास अपने अस्तित्व के लिए लड़ने के अलावा कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। फिल्म के निर्माता दशमी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा करते हुए लिखा, अस्तित्व उसकी लड़ाई है। वह इस 18 अगस्त को आ रही हैं..जिसे देखने के बाद फैंस उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। साथ ही ट्रेलर पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

जेनिफर मिस्त्री ने असित मोदी पर लगाया गवाह को खरीदने का गंभीर आरोप, बोली- मुंह बंद रखने के लिए

मुंबई, एजेंसी। टीवी के पॉपुलर कॉमेडी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा में मिसेज सोढ़ी का किरदार निभा चुकीं जेनिफर ने असित मोदी पर गवाह को खरीदने का आरोप लगाया है।

टीवी के पॉपुलर कॉमेडी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा में मिसेज रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर मिस्त्री लंबे समय से मीडिया की सुर्खियों में छाई हुई हैं। अभिनेत्री ने शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी के ऊपर यौन उत्पीड़न और काम की जगह पर टॉर्चर करने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही उन्होंने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। वहीं, अब हाल ही में एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान उन्होंने कहा है कि उनके केस में अभी तक कोई अपडेट नहीं है।

जेनिफर मिस्त्री ने कही यह बात- साथ ही उन्होंने असित मोदी पर केस के गवाह गुरुचरण सिंह सोढ़ी को प्रभावित करने के आरोप लगाए हैं।

एक मीडिया संस्थान से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि, जबसे उन्होंने गुरुचरण को अपने केस में गवाह बनाया है। उसके बाद गुरुचरण सिंह सोढ़ी के बचे हुए पैसे जो साढ़े तीन साल से अटके हुए थे उसे क्लियर कर दिया गया है।

मेरे केस में गवाह हैं गुरुचरण- जेनिफर ने कहा, गुरुचरण मेरे केस में एक गवाह में से एक हैं। मेरे पास 9 जून को अचानक से गुरुचरण का फोन आया था और उन्होंने अचानक से मुझे मिलने के लिए कहा था। वह उन लोगों में से एक थे जिन्होंने मुझे सिंगापुर में असित मोदी से बचाया था ,जब उन्होंने मेरे साथ बदतमीजी की थी। वह मस्ती में मेरे और असित मोदी के बीच में आकर खड़े हो गए थे ताकि वो मुझे टच ना कर सके। यह उन्होंने इसलिए किया क्योंकि मैंने उन्हें असित जी के बर्ताव के बारे में उन्हें पहले बताया था।

गुरुचरण ने जेनिफर से कही यह बात

जेनिफर ने आगे कहा, गुरुचरण ने मुझे फोन करके यह भरोसा दिलाया था कि वो मेरे लिए गवाह बनेंगे। उन्होंने कहा था वह मीडिया के सामने इस बारे में कोई कमेंट नहीं करेंगे, लेकिन कोर्ट में मेरा सपोर्ट करेंगे। मगर 8 जून को अचानक उन्हें ऑफिस में बुलाया और उनके पिछले साढ़े तीन साल से अटके हुए पैसे दे दिए। मुझे तब एहसास हुआ कि अब वो मेरे फेवर में नहीं बोलेंगे। उन्होंने मुझसे कहा कि वो मेरे और असित मोदी के बीच में न्यूट्रल रहेंगे।

सामंथा रुथ प्रभु और विजय देवरकोंडा की कुशी का टाइटल ट्रैक जारी, फैंस को भाया दोनों के बीच का रोमांस

मुंबई, एजेंसी। साउथ की दमदार अभिनेत्रियों में शुमार सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों मीडिया की सुर्खियां में बनी हुई हैं। हाल ही में एक खबर सामने आई थी कि एक्ट्रेस ने अपनी सेहत की देखभाल करने के लिए फिल्मों से एक साल का ब्रेक लेने का फैसला किया है। इसके अलावा सामंथा विजय देवरकोंडा की फिल्म कुशी को लेकर भी काफी चर्चे में हैं। उनके फैंस उनकी इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, अब फिल्म से जुड़ा एक और अपडेट सामने आया है। जी हां, कुशी के मेकर्स ने 28 जुलाई को फिल्म का टाइटल ट्रैक जारी कर दिया है। इस गाने को हेशम अब्दुल वहाब ने गाया है। वहीं, रकीब आलम ने गाने के बोल लिखे हैं। रिलीज किए गए इस गाने में सामंथा रुथ प्रभु और विजय देवरकोंडा की किलर केमिस्ट्री की झलक दिखाई देती है। गाने में दोनों को एक-दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं।



शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं में तेजी से हुआ सुधारः पूरे जिले में आवश्यकतानुसार पुलों के निर्माण से सुगम हुआ आवागमन

20 साल में बदली कटनी की तकदीर और तस्वीर

20 सालों के सफर में कटनी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल गई। वर्ष 2003 के बाद सत्ता में आई प्रदेश सरकार ने पूरे जिले को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई और तेजी के साथ उनका क्रियान्वयन कराया। कटनी, जिसे मुड़वारा के नाम से जाना जाता है, मध्य भारत के महाकौशल क्षेत्र में स्थित है। यह संभागीय मुख्यालय जबलपुर से 90 किमी की दूरी पर स्थित है। कटनी जंक्शन भारत के सबसे बड़े एवं महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शनों में से एक है और यहां भारत का सबसे बड़ा रेल्वे यार्ड और सबसे बड़ा डीजल लोकोमोटिव शेड है। कटनी जिले में चूना, बॉक्साइट, मार्बल, मुरम और अन्य कई महत्वपूर्ण खनिज बहुतायत मात्रा में पाए जाते हैं। 20वीं सदी की शुरुआत के बाद से कटनी शहर के रूप में जाना जाता है। शहर का विकास ब्रिटिश शासन के अधीन ही शुरू हो चुका था। 25 मई 1998 को कटनी जिला घोषित किया गया। कटनी तीन अलग-अलग सांस्कृतिक राज्यों महाकौशल, बुंदेलखण्ड और बघेलखण्ड की संस्कृति का समूह है। कटनी जंक्शन वैगन यार्ड से अर्द्धवृत्ताकार मोड़ जैसा है, जिसके कारण लोग इसे मुड़वारा कहते हैं। एक अन्य कहानी के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों के सिर काटने के बहादुरी भरे काम के कारण इसे मुड़वारा कहा जाने लगा। चूना पत्थर के शहर के नाम से लोकप्रिय कटनी जिला 4950 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद, बिलहरी और करौंदी, रूपनाथ कारीतराई यहां के लोकप्रिय पर्यटन स्थल के साथ ही मौर्य, गुप्त, चंदेल, कलचुरि कालीन इतिहास समेटे हुए है। कटनी, छोटी महानदी और उमरार यहां से बहने वाली प्रमुख नदियां हैं। कटनी का स्लीमनाबाद संगमरमर के पत्थरों के लिए प्रसिद्ध है। यह जिला उद्योग की नजर से मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण जिला है। यहां छोटे-बड़े कई उद्योग संचालित स्थित हैं, जिसमें दाल मिल, चावल मिल, टायर रिमोल्डिंग, फर्टिलाइजर वर्क और सीमेंट फैक्ट्री बहुतायत में हैं।

खिरहनी और मिशन चौक ओव्हर निर्माण से मिली सुविधा

कटनी शहर चारों तरफ से रेल लाइनों से घिरा हुआ है। रेलवे का महत्वपूर्ण जंक्शन होने से रेल फाटकों से काफी कष्टदायक यातायात की समस्या को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समझा और एक के बाद एक कई सौगातें दी। इसमे कटनी-सतना रेलखंड पर खिरहनी फाटक और कटनी-बीना रेल लाइन पर मिशन चौक पर आरओबी प्रमुख रूप से शामिल है। इन दोनों ही स्थानों पर आरओबी के निर्माण से कटनी शहर के लोगों को जाम की समस्या से निजात मिला है। मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे क्रासिंग क्रमांक 356/ए पर खिरहनी फाटक पर रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण का 18 मार्च 2008 को भूमिपूजन के बाद काम शुरू हुआ था। वर्ष 2013 में मात्र 5 सालों की कम अवधि में ही आरओबी बनकर तैयार हो गया। आरओबी का निर्माण 33 करोड़ 64 लाख रूपए की लागत से कराया गया है। 991 मीटर लंबे आरओबी के बन जाने से कटनी से खिरहनी की तरफ जाने के लिए लोगों को आवागमन की सुविधा के साथ ही यहां रोज-रोज लगने वाले जाम की समस्या से छुटकारा मिला। फिर भी सागर रेल पुलिया के नीचे हर दिन लगने वाले जाम की समस्या से लोग परेशान थे। इस पर भी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मिशन चौक स्थित सागर रेल पुलिया के ऊपर आरओबी निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। करीब 86 करोड़ रूपए की लागत से वर्ष 2021 में आरओबी बनकर तैयार हो गया। कुल 1433.51 मीटर लंबे इस आरओबी के निर्माण से इस मार्ग पर जाम की समस्या से राहत मिली है।

मझगवां फाटक आरओबी तैयार
अलोनी नदी पर बन रहा उच्च-स्तरीय पुल

जिला मुख्यालय के मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां पर भी रेलवे लाइनों और नदियों के ऊपर उच्च-स्तरीय पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। कटनी-रीठी मार्ग में बीना रेल लाइन पर मझगवां रेलवे फाटक पर रेल ओव्हर ब्रिज का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसके पूरा होते ही यहां से आवागमन शुरू हो जाएगा। कटनी दमोह मार्ग में रेल्वे क्रॉसिंग क्रमांक 112 पर 4 साल के कम समय में ही आरओबी का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। आरओबी का निर्माण करीब 30 करोड़ रूपए की लागत से कराया गया है। आरओबी पूर्ण हो जाने से कटनी से रीठी होते हुए दमोह, सागर की यात्रा करने वाले मुसाफिरों को राहत मिलेगी। इसी तरह घंघरीकला से घंघरीखुर्द के बीच अलोनी नदी पर 90 मीटर लंबे उच्च-स्तरीय पुल का निर्माण करीब 6 करोड़ 61 लाख रूपए की लागत से कराया जा रहा है। इसकी मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल द्वारा आदर्श कालोनी से मुक्तिधाम मार्ग पर कटनी नदी पर 60 मीटर लंबे जलमग्नीय पुल के निर्माण की योजना को राज्य सरकार द्वारा 23 सितंबर 2022 को स्वीकृति प्रदान करते हुए 8 करोड़ 52 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई। नई बस्ती और आदर्श कॉलोनी नदीपार जाने के लिए यह पुल बायपास का काम करेगा और यहां के लोगों को चांडक चौक नहीं जाना पड़ेगा।

बड़वारा में महानदी पर बन रहे दो बड़े पुल

जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्रों की तरह बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में भी महानदी के ऊपर दो उच्च-स्तरीय पुल का निर्माण कराया जा रहा है। महगंवा-बीजापुर मार्ग में महानदी के ऊपर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण 12 करोड़ 7 लाख रूपए की लागत से कराया जा रहा है। करीब 200 मीटर लंबे इस पुल के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसी तरह बसाड़ी-भदौरा मार्ग में महानदी पर 150 मीटर लंबे 12 करोड़ 47 लाख रूपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

कटनी के 47 गाँवों के लिए जीवनदायिनी बनी
करनपुरा जल-प्रदाय योजना

करनपुरा ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना से घर-घर पहुँच रहा पानी



करनपुरा ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना से कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड के 47 गांव के 9 हजार 620 परिवारों के घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित हुई। इनमें रोहनिया, सरई, बैरागी, लखाखेरा, धनवारा, बजरवारा, पटना, विलायतकला, रमगढ़ा, पिपरिया, चपानी, पौड़ी, बड़वारा कला, उमरिया, मानपुर, रूपौंद, गोपालपुर, बदरी, बहेड़ी खुर्द, बहेड़ी कला, बहेड़ी, भदावर, गुड़ा कला, सांधी, बम्होरी, सलैया, लोखन, विलायत खुर्द, पथवारी, टिकरिया, बिजौरी,, सुनारी, कोदो, आमाटोला, भानपुरा, झरेला, लोहरवाड़ा, लदहर, इमलिया, बम्होरी सलैया, खरहटा, देवरी, सकरीगढ़, करूआकापा, कुम्हरवाड़ा और गणेशपुर गांव शामिल हैं। यह सब हुआ है राज्य सरकार के प्रयासों से। गर्मी के मौसम में तो इन गांवों के लिए योजना, एक तरह से जीवनदायिनी ही बनी हुई है। विगत 24 मई को इस योजना का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। योजना से उमरिया जिले के भी 60 गांव लाभावित हो रहे। पहले इन सभी गांवों में गर्मियों की शुरूआत से ही पानी की समस्या से जूझना पड़ता था। दोनों जिलों के 107 गांव में पेयजल आपूर्ति की इस जल प्रदाय योजना की लागत 142 करोड़ 39 लाख रूपए है। करनपुरा जल प्रदाय योजना से कटनी जिले के 47 गांव को पानी की आपूर्ति की जा रही है।

D-19263

विजयराघवगढ़ क्षेत्र में महानदी पर बन रहे पुल

विजयराघवगढ़ क्षेत्र से महानदी होकर गुजरती है। कटनी से बरही और विजयराघवगढ़ से बरही के बीच महानदी पर क्षेत्रीय विधायक श्री संजय सत्येन्द्र पाठक के विशेष प्रयासों से विजयराघवगढ-बरही मार्ग के किलोमीटर नंबर 5/2 में छोटी महानदी पर 8 करोड़ 67 लाख रूपए की लागत से 200 मीटर लंबे उच्च-स्तरीय पुल का निर्माण एनडीबी योजना में हो रहा है। जल्द ही इस पुल निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसी तरह बरही विजयराघवगढ़ मार्ग पर किलोमीटर नंबर 1/8 में झपावन नाले पर विजयराघवगढ़-कारीतलाई मार्ग पर 75 मीटर लंबे उच्च-स्तरीय पुल का निर्माण 4 करोड़ 39 लाख रूपए की लागत से एनडीबी योजना में कराया जा रहा है। खिरवा से घुन्नोर के मध्य छोटी महानदी पर जलमग्नीय पुल निर्माण के लिए 1859 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई थी।

पवई ग्रामीण समूह जल-प्रदाय योजना से 159 गाँवों को मिलेगा पानी

करीब 279 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट से सवा 2 लाख की आबादी को मिलेगा फायदा

पवई ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से कटनी जिले के विकासखंड रीठी के 109 गांव और विकासखंड कटनी मुड़वारा के 50 गांवों को मिलाकर कुल 159 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इससे इन ग्रामों के 2 लाख 25 हजार 988 ग्रामीण लाभान्वित होंगे। इसके लिए करीब 290 किलोमीटर लंबी पाइप लाइनों का नेटवर्क बिछाया जाएगा। समीपस्थ पन्ना जिले के केन नदी पर बने पवई जलाशय से कटनी जिले के 159 गांवों के 41 हजार 283 परिवारों के घरों में नल से जल की आपूर्ति की जाएगी। करीब 279 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से बनने वाली इस जल प्रदाय योजना का विस्तृत सर्वे करने और गांवों में बनी जलापूर्ति हेतु पाइप लाइन बिछाते समय गांव में आरसीसी सड़क की कटिंग जेसीबी मशीन से नहीं कराने के निर्देश हैं। पवई डैम में 10 मीटर व्यास और 28 मीटर गहराई का एक इंटकवैल बनेंगा। साथ ही 28 एमएलडी पानी की क्षमता का पन्ना जिले के शाहनगर के ग्राम बिसानी में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जायेगा। पानी की आपूर्ति करने 56 पानी की टंकियां तथा मुड़वारा तहसील के ग्राम खडौला में सम्पवैल, 6 पंप के साथ-साथ 17 किलो मीटर लंबी 33 केव्ही क्षमता की हाईटेंशन लाइन खींची जायेगी। वर्ष 2025 तक योजना का पूरा होना प्रस्तावित है।